हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री



13 बीजेपी जिला संगठन की कार्यकारिणी घोषित, सरोज-गजेंद्र गुट का बोलबाला, सांसद समर्थक दरकिनार



## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं.

सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

# एक दिन में 45 मिमी वर्षा, एक दिन बाद फिर बारिश की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बुधवार - गुरुवार की देर रात तक 45.2 मिलीमीटर बारिश हुई है। इस बारिश ने पिछले साल की बारिश का अंतर भी काफी कम कर दिया है। पिछले साल 25 सिंतबर तक 966.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस साल इस अवधि तक 921.1 मिलीमीटर बारिश हुई है। इस तरह औसत बारिश 5 मिलीमीटर बारिश कम है। सबसे ज्यादा बारिश पाटन क्षेत्र में दर्ज की गई है। यहां 115 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने एक दिन बाद यानी 27 सितंबर को भारी बारिश की चेतावनी दी है।

## सबसे ज्यादा बारिश पाटन क्षेत्र में 115 मिलीमीटर

### 24 सितंबर को इस तरह बारिश

बुधवार- गुरुवार की रात झमाझम बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश पाटन तहसील में 115 मिलीमीटर हुई है। दुर्ग तहसील में 45.2 मिलीमीटर, धमधा तहसील में 24.4 मिलीमीटर, बोरी तहसील में 124 मिलीमीटर, भिलाई में 79.9 मिलीमीटर और अहिवारा तहसील में 58.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इस तरह मानसून की विदाई के दौरान भारी बारिश से पूरे क्षेत्र को फिर से जलमग्न कर दिया।



### आने वाले दो दिन बारिश का बनेगा सिस्टम

मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी, दक्षिण उड़ीसा तट तथा उत्तर आंध्र प्रदेश तट के ऊपर स्थित है और यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा यह मध्य क्षोभमंडल तक विस्तारित है। इसके पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए, और इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी और उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर अगले 24 घंटे में बनने की संभावना है।

### सिस्टम दक्षिण उड़ीसा की तरफ

सिस्टम के और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी-दक्षिण उड़ीसा और उत्तर आंध्र तट के पास 26 सितंबर को परिवर्तित होने की संभावना है। इसके दक्षिण उड़ीसा और उत्तर आंध्र प्रदेश तट के पास 27 सितंबर को पहुंचने की संभावना है। 26 सितंबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। भारी वर्षा का मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ के दक्षिण भाग (रायपुर और दुर्ग संभाग के जिले तथा इससे लगे बिलासपुर संभाग के जिले हैं।

## एक सप्ताह से कालोनी सहित 24 गांव में बिजली की समस्या से जूझ रहे लोग

# 33 केवी रूआबांधा से उतई सब स्टेशन को इनकमिंग सप्लाई बंद, घंटों बंद रही दर्जनभर कॉलोनियों में बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

33 केवीए रूआबांधा से उतई सब स्टेशन को इनकमिंग लाइन सप्लाई बुधवार को बंद कर दी गई। जिसकी वजह से 24 गावों व दर्जनभर कालोनियों में घंटों तक बिजली बंद रही। बिजली बंद होने की समस्या इतनी बढ़ गई है कि लोग सब स्टेशन में शिकायत कर थक-हार चुके हैं। बिजली को लेकर कांग्रेस पार्टी आए दिन हो हल्ला मचा रही है लेकिन इस क्षेत्र और ग्रामीण लोगों की समस्याओं को लेकर कोई प्रदर्शन या घेराव जैसे कार्य नहीं किए। नतीजा जनता सब कुछ यूं ही सह रही है।



### इन दर्जनभर कालोनी में बढ़ा लोड

उतई सब स्टेशन के अंतर्गत दर्जनभर कालोनी हैं। इनमें चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, वेदांत नगर फेस वन, टू, विराटनगर, सनसिटी, कबीरनगर आदि हैं। इन कालोनियों में हजारों मकान बन गए हैं और बन रहे हैं। जिसकी वजह से यहां लगे ट्रांसफार्मरों में लोड काफी बढ़ गया है। करीब 3 किलोमीटर का राउंडअप एरिया में ये कालोनी विकसित हो रही है। ट्रांसफार्मर वहीं पुराने स्थानों पर लगे हैं। लोड के हिसाब से अलग-अलग क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर लगाने की जरूरत है लेकिन बिजली विभाग द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है।

### ठेके पर संधारण कार्य लेकिन सुधार नहीं

रहवासियों ने बताया कि सब स्टेशन में हल्की हवा या बारिश हुई तो एहितयातन बिजली बंद कर दी जाती है। यदि पूरे समय बारिश होती रही तो रातभर बिजली नहीं आती। स्टॉफ की कमी से जूझते सब स्टेशन में संधारण का कार्य ठेके पर दिया गया है। ठेके कर्मियों का हाल ऐसा है कि रात में शिकायत अटेंड नहीं करते। उतई सब स्टेशन के अलावा पुरई में भी शिकायत केंद्र बनाया गया है। यहां फोन रिसीव करने वाला नहीं होता। कभी रिसीव कर लिया तो उनका जवाब रहता है कि लाईन बनाने के लिए गए हैं। कब पहुंचेंगे या कब लाइन बन पाएगा इसकी जानकारी देना मुनासिब नहीं समझते। शिकायतकर्ता थक -हार कर केवल इंतजार करता रहता है।

### इन उदाहरणों से समझिए बिजली की स्थिति

**केस वनः** रविवार को उतई सब स्टेशन में ही फॉल्ट आ गया। शाम को दो घंटे तक इस फॉल्ट को बनाने में लग गए। जैसे-तैसे दूसरी लाइन को जोड़कर इस क्षेत्र में बिजली चालू की जा सकी।

**केस दो :** रविवार को ही लोकनगर उमरपोटी कालोनी के पास का ट्रांसफार्मर से अचानक धुआं उठा और कई बार चिंगारी निकली। फिर ट्रांसफार्मर ही बंद हो गया। जिसकी वजह से लोकनगर, चंद्रनगर कालोनी में घंटों तक अंधेरा छाया रहा।

**नोट-** ये उदाहरण मात्र हैं। पिछले तीन महीने के दौरान 200 शिकायतें आई हैं। ट्रांसफार्मर, पोल, लाईन, इंसुलेटर की समस्या आए दिन की बात हो गई है।

### 30 उपभोक्ताओं ने भरा सौर उर्जा फार्म

आए दिन बिजली की समस्या को देखते हुए कालोनीवासियों द्वारा अपने घरों में सूर्यघर बिजली योजना के तहत सौर उर्जा लगाने आवेदन फार्म भी भरा जा रहा है। इस सब स्टेशन के अंतर्गत 30 उपभोक्ताओं ने सौर उर्जा के लिए आवेदन किया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली की समस्या जानबूझ कर उत्पन्न की जा रही है ताकि लोग सौर उर्जा लगाने के लिए आगे आएं। लेकिन बड़ी रकम एकमुश्त खर्च करने में मूड में उपभोक्ता दिखाई नहीं पड़ते।

### बढ़ रहा है लोड

उतई सब स्टेशन 33 केवीए रूआबांधा से जुड़ा है। वहां से सप्लाई नहीं आती तो यहां भी दिक्कत आती है। रही बात कालोनियों की तो यह सब स्टेशन के आसपास गांवों में नित नए कालोनियां विकसित हुई है। नए मकान तेजी से बन रहे हैं। इसलिए क्षेत्र के ट्रांसफार्मरों में लोड बढ़ा है।

**- वाईके परस्ते,**
प्रभारी सबस्टेशन उतई

# एफसीआई परिसर में खड़े ट्रक में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के गोदाम परिसर में अचानक खड़ी ट्रक में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। खबर लगने पर दमकल टीम पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर 12 बजे एफसीआई ट्रक सीजी 07 सीबी 0266 में अचानक आग लग गई। ट्रक मालिक परमिल सिंह बताया जा रहा है। दमकल कर्मियों ने आग को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया। समय रहते आग पर काबू पाया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मोहन नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। आग लगने का कारण अज्ञात माना जा रहा है। पुलिस जांच-पड़ताल में जुट हुई है। एफसीआई गोदाम में कई वाहन और गोदाम के संवेदनशील हिस्से मौजूद रहते हैं। घटना की सूचना तत्काल दमकल कार्यालय दुर्ग को मिली थी।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

# पूर्व प्रतिनिधि ने की ठेकादार से 77.50 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

गुरुर पुलिस ने आरोपी चौहान टाउन ,स्मृति नगर निवासी हिमालय एग्रो कंपनी के मालिक नयन राणा को हिरासत में लिया है। गुरुर पुलिस ने बताया कि ग्राम धानापुरी निवासी लेखराम सिन्हा भवन निर्माण का ठेकदार है। भवन निर्माण के काम के लिए छड़ व सीमेंट की आवश्यकता पड़ने पर चौहान टाउन, स्मृति नगर निवासी हिमालया एग्रो कंपनी के संचालक नयन राणा से जान पहचान हुआ। नयन राणा द्वारा पीड़ित को सस्ते दाम पर छड़ सीमेंट देने स्वयं का 2-03 जगह पर सीमेंट की फैक्ट्री होने, जीएसटी बिल देने और बड़े-बड़े ठेकेदारों को सामान सप्लाई करने का झांसा दिया। 3 जनवरी 2025 को ठेकेदार का बेटा ओमनारायण सिन्हा दुर्ग के ट्रांसपोर्टर धनवंत सिंह गिल,प्रतीक शुक्ला के साथ सुपेला स्थित ढिल्लन कॉम्प्लेक्स प्रथम तल हिमालया एग्रो कंपनी के कार्यालय पहुंचा। जहां 130 टन सरिया का सौदा 48 हजार रूपये प्रति टन पर सौदा हुआ। 300 टन जेके लक्ष्मी सीमेंट 252 रूपये प्रतिबोरा के हिसाब से घर पहुंचाकर देने में सौदा हुआ। 5 जनवरी 2025 को पीड़ित ने आरोपी के खाते में कुल 24 लाख 50 हजार रूपये ट्रांसफर किया गया। नयन राणा द्वारा कुल माल का 65 प्रतिशत राशि भेजने के लिए बोला तो पीड़ित ने फिर 27 लाख रुपए भेज दिया। लेखराम सिन्हा द्वारा नयन राणा को कुल 77. 50 लाख रूपया दिया है। लेकिन अब तक सरिया, सीमेंट ना देकर फर्जी बिल काटकर सामानों की डिलिवरी कर नयन ठगी किया।

# स्कूल शिक्षा मंत्री ने स्कूलों का किया निरीक्षण लापरवाही बरतने वाले प्राचार्यों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव गुरुवार को आधा दर्जन स्कूलों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गनियारी स्कूल की प्राचार्या और हिर्री स्कूल की व्याख्याता को नोटिस जारी किया गया है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला / हाईस्कूल गनियारी में टीचर स्टाफ रूम में बैठे मिले। इस पर मंत्री यादव नाराज हुए। इस समय एनजीओ द्वारा पोषण और स्वच्छता पर व्याख्यान दिया जा रहा था और टीचर इसमें शामिल होने के बजाय स्टाफ रूम में बैठे मिले। मुख्य विषय के कालखंड में एवं जिला शिक्षा अधिकारी के बगैर अनुमति के किसी भी एन.जी.ओ. या बाहरी व्यक्ति को विद्यालय में प्रवेश नहीं दिये जाने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य रजनी पुरोहित के कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



### हिर्री स्कूल में प्रायोगिक कार्य अधूरे, नोटिस

शास.उ.मा.वि. हिर्री धमधा के निरीक्षण में पाया कि यहां भौतिक-04 एवं रसायन-04 विषय के प्रायोगिक कार्य कराये गये हैं। प्रायोगिक कार्य पूर्ण नहीं होने से वहां पदस्थ प्रभारी प्राचार्य मनिराम मनडारे के कार्य शैली के संबंध में नाराजगी व्यक्त किया गया। फिजिक्स व्याख्याता करूणा शुक्ला को नोटिस जारी किए गए हैं। विद्यालय हेतु डोम निर्माण के साथ बालक बालिका हेतु पृथक-पृथक शौचालय की घोषणा की।

### इन स्कूलों में शौचालय निर्माण की घोषणा

स्कूली शिक्षा मंत्री यादव ने आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगपुरा में शाला संचालन एवं छात्र-छात्राओं से चर्चा उपरांत प्रसन्नता व्यक्त किया। संस्था प्रमुख के मांग पर डोम निर्माण एवं बालक-बालिका हेतु पृथक-पृथक शौचालय निर्माण की घोषणा की। रिक्त पदों पर परीक्षण कराकर भर्ती कराने आश्वस्त किया । पूर्व माध्यमिक शाला हिरों के निरीक्षण दौरान वहां पदस्थ प्रधानपाठक श्रीमती हरिहारणों के अध्यापन व्यवस्था पर नाराजगी दिखाई।

**सायकल बांटी मंत्री ने :** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लिटिया में पात्र हितग्राही छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल का वितरण किया गया तथा डोम निर्माण की घोषणा की । उन्होनें आवलोकन किये गये विद्यालयों के विद्यार्थियों से भविष्य में क्या बनने के लक्ष्य निर्धारित किये है पूछे जाने पर किसी ने डाक्टर, किसी ने इंजीनियर, आई.ए.एस. शिक्षक बनने की बात कही जिस पर मंत्री यादव ने प्रसन्नता व्यक्त कर सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिये ।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

TEAM CREATIVE
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## रूंगटा यूनिवर्सिटी में हैं सेवारत, अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने जारी की सूची

# दुनिया के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों में शामिल दुर्ग जिले के तीन प्रोफेसर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची जारी कर दी है, जिसमें रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी की तीन फैकल्टी को शामिल किया गया है। रूंगटा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट व रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन, स्कूल ऑफ फार्मेसी की डायरेक्टर डॉ. मधुलिका प्रधान और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कृष्णा यादव का नाम दुनिया के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों की सूची में जोड़ा गया है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की इस सूची में 6200 वैज्ञानिक भारतीय हैं, जिसमें भिलाई के तीन प्रोफेसरों को जगह मिली है। रूंगटा यूनिवर्सिटी की इन फैकल्टी को यह मुकाम फार्मेसी की फील्ड में शानदार रिसर्च और मेडिसीन में नवाचार को देखकर दिया गया है। स्टैंडफोर्ड एल्सेवियर की यह सूची विश्व की सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में से एक है। जिसे शोध कार्य की उत्पादकता, शोधपत्र की गुणवत्ता, प्रभाव कारक और वैश्विक उदाहरण जैसे मानकीकृत संकेतकों के आधार पर तैयार किया जाता है। इस सूची में स्थान प्राप्त करना उत्कृष्ट शोध योगदान और वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता की पहचान मानी जाती है। इस मान्यता के साथ रूंगटा यूनिवर्सिटी ने वैश्विक शैक्षणिक मानचित्र पर अपनी उपस्थिति और अधिक मजबूत कर ली है।



### केंद्र से एक करोड़ का अनुदान

डॉ. एजाजुद्दीन को छत्तीसगढ़ सोसाइटी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस ने बेस्ट साइंटिस्ट अवॉर्ड से नवाजा है। यही नहीं भारत सरकार के साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग ने एक करोड़ रुपए का अनुदान रिसर्च को आगे बढ़ाने के लिए दिया है। उन्हें प्रतिष्ठित पीडी सेठी बेस्ट पेपर अवॉर्ड भी मिल चुका है। अभी तक 150 से अधिक पेपर पब्लिश किए हैं। वहीं, अब तक 10 रिसर्च पेटेंट उनके नाम है। इसी तरह डॉ. मधुलिका भी यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड, डेनमार्क की कोपेंगन यूनिवर्सिटी ने इंटरनेशनल ट्रेव्हल अवॉर्ड भी मिला है। इसी तरह डॉ. कृष्णा यादव को डेनमार्क यूनिवर्सिटी ने लियो फाउंडेशन से इंटरनेशनल ट्रेव्हल फेलोशिप अवॉर्ड दिया गया है। इसके अलावा एक ऑस्ट्रेलियन पेटेंट ग्रांट की गई है।

### कैंसर ड्रग पर चल रही रिसर्च

डॉ. एजाजुद्दीन ने बताया कि वर्तमान में डीएसटी के अनुदान के साथ वें एंटी कैंसर ड्रग के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए दवाई तैयार कर रहे हैं। ड्रग के विकल्प पर शोध किया जा रहा है, जिससे मरीज को कम तकलीफ में कैंसर के इलाज का बेहतर रास्ता मिलेगा। इसके साथ ही सोसायसिस के इलाज के लिए सस्ती दवाई भी तैयार हो रही है। इस ड्रग को देश के नामी वैज्ञानिकों ने भी सराहा है। इसी तरह रिसर्च को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने संसाधन देने का वादा किया है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
REGISTRATION OPEN
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि यह निर्णय सामाजिक प्रेरणा देने वाला

# डॉ. शरदचंद्र की दान की जमीन पर पुलगांव में बना मुक्तिधाम, लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पुलगांव में नवनिर्मित मुक्तिधाम भवन का लोकार्पण हुआ। यह मुक्तिधाम भवन डॉ. शरदचंद्र अग्रवाल द्वारा अपनी पैतृक भूमि समाजसेवा के लिए समर्पित करने से संभव हो पाया।

- शहर को मिला एक और मुक्तिधाम, होंगे अंतिम संस्कार



यह कार्य दुर्ग शहर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक अद्वितीय मिसाल बन गया है। यह भूमि प्रतिष्ठित समाजसेवी दाऊ स्व. राजीव लोचन अग्रवाल (घुघरू दाऊ) एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. राधिका देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र कृषक डॉ. शरदचंद्र अग्रवाल ने समर्पित की। इस पुनीत कार्य में उनकी बहनें, डॉ. सविता व्यास और डॉ. भावना अग्रवाल का भी सहयोग और मार्गदर्शन रहा। डॉ. शरदचंद्र अग्रवाल ने कहा कि उन्हें अपने पूज्य माता-पिता से यह सीख मिली कि स्वयं के हित से बढ़कर परिवार का हित और परिवार के हित से बढ़कर समाज का हित होता है। इन्हीं सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए उन्होंने यह भूमि समाज सेवा के लिए प्रदान की। उन्होंने कहा कि समाज सेवा से जुड़े कुछ कार्य व्यक्ति को सदैव जीवंत बनाए रखते हैं और यह मुक्तिधाम उसी भावना का प्रत्यक्ष उदाहरण है। मुक्तिधाम परिसर में शेड और प्रतीक्षालय का निर्माण प्रशासन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, मनीष साहू, लीलाधर पाल, नीलेश अग्रवाल, पुलगांव पार्षद अश्विनी निषाद, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, महेंद्र लोढ़ा सहित अन्य मौजूद थे।



# सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने किया रक्तदान, 53 यूनिट ब्लड डोनेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में सामरिक मुख्यालय महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल, छत्तीसगढ़ के रिसाली स्थित मुख्यालय में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में आनंद प्रताप सिंह महानिरीक्षक का मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान तथा जिला चिकित्सालय, दुर्ग के मेडिकल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

- जिला अस्पताल के सहयोग से किया गया आयोजन

शिविर में 53 यूनिट रक्तदान किया गया। एकत्रित रक्त समाज के जरूरतमंद रोगियों के लिए जीवनदायिनी साबित होगा। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं अधिकारियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को नियमित रक्तदान हेतु प्रेरित किया। इस दौरान रक्तदान होने वाले फायदों के बारे में भी जानकारी दी गई। जवानों ने कहा उनका जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित है।

# असंठित श्रमिकों को किया जा रहा जागरूक दी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



असंगठित श्रमिकों के लिए जागरूकता सह पंजीयन शिविर का आयोजन दंत्तोपत ठेगरी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार संग्रहालय भारत सरकार क्षेत्रीय निर्देशालय रायपुर के सहयोग से किया गया। मिलन चौक कैम्प - 2 में वार्ड 34 के पार्षद कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें जोन - 3 जोन के अध्यक्ष डॉ.जलंधर सिंह ने सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वार्ड 33 संतोषी पारा कैम्प - 2 के पार्षद एन. शैलजा एवं पूर्व महिला मंडल उपाध्यक्ष ममता देवी भी कार्यक्रम में उपस्थित थीं। मुख्य रूप से प्रधानमंत्री श्रम योगी योजना, श्रम कार्ड, नेशनल कैरियल सर्विस, आयुष्मान भारत हेल्थ एकाकार, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री ज्योति बीमा योजना, जीवन बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। योजनाओं का निःशुल्क पंजीयन किया गया। कार्यक्रम के वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी प्रमोद रत्न पारखी द्वारा योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रेम आन्द राव का इस आयोजन में पूरा सहयोग रहा। इसी प्रकार बानी च्वाइस सेंटर पावर हाउस नंदनी रोड ने भी सहयोग किया।

## साहू समाज के अध्यक्ष निर्वाचित हुए जयन्त

**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन और परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के दिशा निर्देशन में त्रिवार्षिक निर्वाचन की प्रक्रिया किया जा रही है। जिसमें अध्यक्ष जयंत साहू , उपाध्यक्ष पुरुष जयप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष महिला पीतांबरी साहू , संगठन सचिव पुरुष लक्ष्मण साहू, संगठन सचिव महिला ललिता साहू एवं मनोनीत पद पर सचिव रूपेश साहू, कोषाध्यक्ष हितेश साहू आदि चुने गए।

**भिलाई।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सेक्टर-5 में 12वर्षों से लगातार नौ दिन तक भंडारा भी किया जा रहा है। विधायक देवेंद्र यादव का सात साल से ज्योति कलश रखा जाता है।



# नवरात्रि के चौथे दिन की देवी



## माँ कूष्मांडा

नवरात्रि के चौथे दिन माँ कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की जाती है। देवी के इस स्वरूप का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि दार्शनिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत गहरा है। कुष्मांडा शब्द का अर्थ है - कु (थोड़ा), उष्मा (ऊर्जा) और अंड (ब्रह्माण्ड)। मान्यता है कि अपनी एक दिव्य मुस्कान से ही माँ कुष्मांडा ने इस सृष्टि की रचना की थी। इसलिए उन्हें सृष्टि की प्रथम सर्जक माना जाता है।

आज के समय में, जब मनुष्य शारीरिक और मानसिक तनाव से घिरा हुआ है, माँ कुष्मांडा की आराधना ऊर्जा और आत्मबल का संचार करती है। देवी का यह स्वरूप हमें बताता है कि ब्रह्माण्ड की रचना भी आनंद और सहजता से हो सकती है। उनका दिव्य हास्य इस बात का प्रतीक है कि सकारात्मक सोच और सरल भावनाएँ असंभव प्रतीत होने वाले कार्यों को भी संभव बना सकती हैं।

माँ कुष्मांडा को अष्टभुजा देवी कहा जाता है। उनके आठ हाथों में शक्ति और कल्याण के प्रतीक शस्त्र और वस्त्र हैं। सिंह पर आरूढ़ यह स्वरूप साहस और निर्भीकता का संदेश देता है। इनकी उपासना से आरोग्य, ऐश्वर्य और आयु की प्राप्ति होती है। विशेष रूप से कुम्हड़ा (पेठा) का भोग चढ़ाने का महत्व है, क्योंकि यह माँ कुष्मांडा का प्रिय प्रसाद माना जाता है।

नवरात्रि में जब भक्त चौथे दिन उनका ध्यान करते हैं तो यह साधना आत्मबल और स्वास्थ्य को मजबूती देती है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण भी है। आज जब समाज ऊर्जा-संकट, मानसिक तनाव और असंतुलन से गुजर रहा है, तब माँ कुष्मांडा की उपासना एक आध्यात्मिक प्रेरणा है कि सच्ची शक्ति भीतर से ही उत्पन्न होती है।

माँ कुष्मांडा केवल देवी स्वरूप नहीं, बल्कि ऊर्जा, सृजन और सकारात्मकता का प्रतीक हैं। उनके पूजन से भक्त जीवन में उमंग और शक्ति का अनुभव करता है। यह हमें याद दिलाता है कि हर कठिनाई मुस्कान से हल की जा सकती है और हर अंधकार में प्रकाश लाने की क्षमता हमारे भीतर मौजूद है।













## खबर संक्षेप



### तवा फेंक में लोमश और भाला फेंक में पुष्पेंद्र ने मारी बाजी

**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ के तत्वाधान दुर्ग विभाग एथलेटिक्स 2025 कुरूद में आयोजित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विधार्थियो ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शन किया। तरुण वर्ग तवा फेंक में कक्षा द्वादश के लोमश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा तरूण वर्ग भाला फेंक में कक्षा द्वादश के पुष्पेन्द्र कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। होनहार इन विधार्थियो का सम्मान किया गया। प्राचार्य पीएल बारले उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू आचार्य परमानंद टंडन ने विधार्थियो को बधाई दी।

# छीरपानी जलाशय में ओवरफ्लो फंसे चार ग्रामीणों को बचाया गया

## भोंदा गांव के पास बाढ़ में पुल क्षतिग्रस्त, राहत शिविरों में ठहराए गए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कबीरधाम जिले के मैकल पर्वतीय क्षेत्रो में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए। जिले का महत्वपूर्ण क्षीरपानी जलाशय जलभराव की अधिकतम क्षमता पर पहुंच गया और ओवरफ्लो की स्थिति बन गई। इसी दौरान देर रात घूमने गए चार ग्रामीण जलाशय के गहरे पानी में फंस गए। दूसरी ओर तारेगांव जंगल मार्ग पर ग्राम भोंदा के समीप पुल बाढ़ के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे आसपास के कई गांवों का संपर्क बाधित हो गया और ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गईं। स्थिति की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल जिला बाढ़ कंट्रोल कक्ष को सूचित किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जिला बाढ़ आपदा एवं प्रबंधन टीम में शामिल नगर सेना एवं एनडीआरएफ की संयुक्त टीम को तत्काल रवाना किया। टीम में नगर सेनानी, एनडीआरएफ के विशेषज्ञ जवान, जिला प्रशासन के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों की रैपिड एक्शन टीमें शामिल थीं। सुबह 10 बजे संयुक्त दल घटनास्थल क्षीरपानी पहुंचा और राहत-बचाव अभियान प्रारंभ किया। एनडीआरएफ की ओर से नियुक्त आब्जर्वर एवं सेनानी सत्रहवीं वाहनी कमलेश्वर प्रसाद चंदेल, प्रभारी आपदा प्रबंधन एवं भू-अभिलेख डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, मॉकड्रिल की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री रुचि शार्दूल, बोड़ला एडीएम सागर सिंह, तहसीलदार सुश्री राजश्री पाण्डेय सहित स्वास्थ्य, खाद्य, वन, परिवहन, पशुधन और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। कलेक्टर वर्मा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों की मॉनिटरिंग की और अधिकारियों को त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में हुई लगातार बारिश के कारण छीरपानी जलाशय का जलस्तर बढ़ गया था, जिससे 4 ग्रामीण फँस गए थे। वहीं ग्राम भोंदा के क्षतिग्रस्त पुल के उस पार कई ग्रामीण अलग-थलग हो गए थे।



ूचना मिलते ही जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन दल सक्रिय हुए और सभी ग्रामीणों को सुरक्षित निकाल लिया गया। राहत शिविरों में प्रभावित ग्रामीणों को ठहराने की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जल से बाहर निकाले गए चारों ग्रामीणों का प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन एवं आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिले में अचानक आई इस स्थिति से निपटने के लिए की गई पूरी कार्यवाही एक सफल मॉकड्रिल साबित हुई है। इस मॉकड्रिल ने यह साबित किया कि आपदा जैसी किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन और सभी विभागीय टीमें पूर्णतः सक्षम और तैयार हैं।

## निधन

### चंद्रकांता शर्मा

**भिलाई।** चंद्रकांता शर्मा 76 वर्ष का निधन 24 सितंबर को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 25 सितंबर को गृहग्राम गुंडरदेही मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय मदनलाल शर्मा की धर्मपत्नी, प्रमोद कुमार शर्मा आदर्श नगर दुर्ग निवासी एवं गोविंद कुमार शर्मा की मां थीं। वे अपने पीछे दो पुत्रों एवं तीन पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## भक्त भी सत्य की राह चल सुंदर बन जाएं : पं. सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



नवरात्रि के पावन अवसर पर गातापार में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन युवा शक्ति दुर्गोत्सव समिति गातापार द्वारा किया गया है। बाल ब्यास भगवताचार्य पंडित सौरभ शर्मा को सुनने शिव भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। बाल ब्यास पंडित सौरभ शर्मा ने कहा कि शिव सत्य और सुंदर है तभी तो आम तौर पर कहते है सत्यम शिवम सुंदरम सत्य ही शिव है और शिव ही सुंदर है। भगवान जब सत्य और सुंदर है तो भक्त भी सत्य को अपनाए सत्य की सुंदरता को आत्मसात करे।भगवान की कृपा स्वमेव भक्तों पर बरसने लगेगी। पंडित श्री ने कहा कि सत्य का रास्ता कठिन हो सकता है लेकिन मंजिल सुखद होती है ।असत्य मार्ग पर चलने वाले शिव से दूर होते चले जाते हैऔर स्वयं स्वयं के लिए दुख का प्रबंध कर डालते है। गातापार में शिवपुराण कथा का दूसरे दिन बुधवार को बरसते पानी में श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भारी जनसंख्या में श्रद्धालुगण शिव कथा का अमृत पान किया। इनमें सरपंच रेवाराम साहू, उपसरपंच - दिलीप साहू, कार्तिक राम साहू, लक्षी राम साहू, मानसिंह साहू, ढुलसाय साहू, लखन लाल साहू, चंद्रिका प्रसाद साहू, गिरधारी साहू, कीर्तन साहू, नागेंद्र कुमार साहू , विवेक कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अंडा।** ग्राम महमरा में राष्ट्रीय पोषण का आयोजन किया गया।महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। ₹स्वस्थ नारी सशक्त परिवार₹ अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 46 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई जिसमें गर्भवती ,शिशुवती एवं अन्य महिलाओं की बीपी शुगर हिमोग्लोबिन ,सिकल सेल जांच की गई। टाटा ट्रस्ट की सहयोगी संस्था से कीशु वाघेला द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से महिलाओं को पोषण जागरूकता बढ़ाने हेतु तिरंगा भोजन , मोटापा से बचाव, मिलेट्स के उपयोग, सेनिटेशन में माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन, पर उपयोगी जानकारी दी गई।



## अंचल की खबरें

### मां शेरावाली का आशीर्वाद लेने पहुंचे भाजपा नेता



**भिलाई।** नवरात्र पर सार्वजनिक दुर्गा समिति खुर्सीपार ने प्रदेश का सबसे बड़ा सेवा पंडाल सजाया है। जहां मां शेरावाली की भव्य प्रतिमा भी स्थापित की गई है। गुरुवार को माता रानी के दर्शन को भाजपा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, प्रदेश सह कार्यालय प्रभारी प्रितेश गांधी और भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन पहुंचे। वे माता की आरती में शामिल हुए। इसके बाद पैदल यात्रा करते हुए मां बम्बलेश्वरी के दर्शन करने जाने वाले भक्तों को महाप्रसाद का वितरण सेवा पंडाल में सेवा भी की और फिर भक्तों के संघ महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सभी ने दया सिंह की तारीफ की और भव्य सेवा पंडाल में माता के भक्तों की सेवा के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी। आयोजन 2 अक्टूबर तक चलेगा। भक्तों के लिए निशुल्क जलपान, भोजन, प्राथमिक चिकित्सा, गर्म पानी और मोबाइल चार्जिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। 27 सितम्बर को गरियाबंद की सांस्कृतिक कला मंच टीम रंग सरोवर का आयोजन करेगी। 29 सितम्बर को डोंडी लोहारा (बालोद) की छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था लोक सिरजन सांस्कृतिक प्रस्तुति देगी, जिसका संचालन संतोष देशमुख करेंगे।

### पं. उपाध्याय को भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन



**दुर्ग।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एकात्म मानववाद के प्रणेता, महान चिंतक, अंत्योदय के प्रणेता, युवाओं के प्रेरणा स्रोत, त्याग एवं तपस्या की प्रतिमूर्ति पं. दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कौशिक ने कहा कि एकात्मा मानववाद के प्रणेता लक्ष्य अंत्योदय, पथ अंत्योदय, प्रण अंत्योदय के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बारे में बोलना मतलब चांद को दीपक दिखाने के बराबर है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। गुरु गोलवलकर की प्रेरणा इसमें निहित थी। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, महामंत्री दिलीप साहू, शिवेंद्र परिहार, सरिता मिश्रा, मनोज सोनी, अशोक राठी, राजीव पांडेय, प्रितपाल बेलचंदन सहित अन्य मौजूद थे।

### धनोरा में 177 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित



**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में क्वांर नवरात्रि पर्व पर 177 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए गए है। इस दरबार में हर जिले एवं विदेशों से भी भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। मोहला, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, दुर्ग, चिचोला बेमेतरा, भाटापारा, अमेरिका, नागपुर महाराष्ट्र और लंदन आदि जगहों के भक्तों द्वारा बाबा दरबार में ज्योति प्रज्वलित की गई है। 22 सितंबर सोमवार को दोपहर 12 बजे दरबार के लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा पाठ की गई। तत्पश्चात नंद पंडा ने चकमक की आग से ज्योति प्रज्वलित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 27 सितंबर शनिवार को दरबार में पंचमी कलश चढ़ावा शाम 7 बजे तक होगा। माता रानी की आरती पंचमी के रोज होगी। हर रोज रात्रि 8 बजे से गुलाब साहू एवं हेमंत साहू के मंडली द्वारा माता सेवा भजन का आयोजन किया जा रहा है। दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने यह जानकारी दी।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कांती ज्वेलर्स में स्कूटी जीतने का सुनहरा अवसर




**भिलाई।** सिरसा रोड चांदनी चौक भिलाई में संचालित कांती ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए नवरात्रि एवं दिपावली के शुभ अवसर पर उपहारों की बरसात एवं दिवाली धमाका ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि खुशियों के रंग कांती ज्वेलर्स के संग के तर्ज पर ग्राहकों के लिए कई प्रकार के आकर्षक उपहारों का ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स 17 वर्षों से ग्राहकों की सेवा में लगा हुआ है। 22 सितंबर से 25 हजार की खरीदी पर लक्की ड्रा कूपन दिया जा रहा है। कूपन का ड्रा 1 जनवरी 2026 को खोला जाएगा जिसमें विशेष आकर्षक उपहार ग्राहकों को दिया जाएगा। कांती ज्वेलर्स की स्वर्ण एवं चांदी संचय योजना के तहत 1 हजार, 2 हजार, 5 हजार के 12 माह के आसान किस्तों में उपलब्ध है। जमा करने से 1 माह छूट मिलेगा। दिवाली धमाका ऑफर 25 एवं 26 सितंबर को है। कांती ज्वेलर्स में डायमंड, सोना, चांदी के आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध है साथ ही राशि रत्न भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कांती ज्वेलर्स दुकान में संपर्क किया जा सकता है।

## कुथरेल में चंद्रनाहु कुर्मी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का विधायक ललित ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/अंडा

गुरुवार को ग्राम कुथरेल स्थित चंद्राकर भवन में चंद्राकर समाज के नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में सम्मिलित दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर, बसंत चंद्राकर एवं गजेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुए और समाज के वरिष्ठजनों और नवचयनित पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, केंद्रीय महासचिव कुंदन चंद्राकर, केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, केंद्रीय प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश चंद्राकर एवं केंद्रीय महिला प्रतिनिधि नीता चंद्राकर का विशेष रूप से सम्मान किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए विश्वास व्यक्त किया गया कि उनका कार्यकाल समाज की प्रगति, संगठन की मजबूती और सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष राजनांदगांव प्रतिमा चंद्राकर, जनपद सदस्य लोमस चंद्राकर, अजीत चंद्राकर, पूर्णिमा चंद्राकर, वरिष्ठ सामाजिक अध्यक्ष चेतन चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, डॉ. तामेश्वर चंद्राकर, नागेंद्र चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, पुकेश चंद्राकर, अनूप चंद्राकर एवं त्रेता चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

■ सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

## सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत विद्यार्थियों को साइकिल बांटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

मंगलवार को पीएम श्री सेजस कुम्हारी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में छात्र-छात्राओं को सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत 47 साइकिल का वितरण किया गया जिनके मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अध्यक्ष मीना वर्मा व शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक दुबे उपस्थित थे। कार्यक्रम में अश्विनी देशलहरे , सांसद प्रतिनिधि सुजीत यादव, दीपक सिंह, नीलम बंजारे, नीतू पाल, तनय जैन, राजू निषाद, लोकेश साहू, उमेश्वरी साहू व रूपेश साहू के अतिरिक्त विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजया श्रीवास्तव, केआर साहू, एमएल साहू, आशीष श्रीवास्तव के अतिरिक्त छात्रों के पालक भी उपस्थित रहे।

विद्यालय के 47 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। विद्यार्थियों को नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा द्वारा अच्छे शिक्षण, अच्छे स्वास्थ्य से संबंधित आशीर्वाद प्रदान किया गया एवं सभी छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## आई लव मुहम्मद के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन आज

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई का मुस्लिम समुदाय शुक्रवार 26 सितंबर की दोपहर विरोध प्रदर्शन करेगा। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में जश्न ए ईद मिलाद उन नबी के मुबारक मौके पर आई लव मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के पोस्टर, बैनर लगाने पर जो माहौल बनाया गया और जिस तरह ज्यादती की कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की गई, इससे मुस्लिम समुदाय में रोष व्याप्त है।

पिछले दिनों इस मुद्दे पर शहर की तमाम मस्जिद कमेटियों के ओहदेदारों साथ हुई बैठक में इस कार्रवाई के खिलाफ 26 सितंबर की दोपहर जुमे की नमाज के बाद दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक सेक्टर-6 ईदगाह मैदान में यह विरोध प्रदर्शन किया जाना तय पाया गया। तमाम मस्जिदों के इमाम और मस्जिद कमेटियों के ओहदेदार भी शामिल होंगे। सदर आसिम बेग ने बताया कि विरोध प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण और कानून के दायरे में रहेगा और इसके उपरांत राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी को प्रदर्शन स्थल सेक्टर 6 के ईदगाह मैदान में सौंपा जाएगा।

## खालसा कॉलेज में भूतपूर्व छात्रों का मिलन समारोह



**दुर्ग।** खालसा कॉलेज दुर्ग में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के अंतर्गत पूर्व छात्रों के लिए मिलन समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुनीता बोकडे ने विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के विकास की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की उपलब्धियां को अपना धरोहर बताया। पूर्व छात्र संघ की संयोजक प्राध्यापक आभा शर्मा ने छत्तीसगढ़ शासन की योजना से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए पूर्व छात्रों को एक ब्रिज के रूप में संबोधित किया जो संस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा वर्मा सहायक प्राध्यापक ने एवं धन्यवाद ज्ञापन स. प्रा. ललिता परमार द्वारा किया गया। कॉलेज के डायरेक्टर गुलबीर सिंह भाटिया एवं हरमीत सिंह भाटिया ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

## श्री सांई फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया



**भिलाई।** नंदिनी स्थित श्री सांई फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2025 की थीम थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट के अनुरूप धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्री सांई कॉलेज के फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों के अतिरिक्त पास्ड आउट विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि अभिषेक पसीने सेवानिवृत्ति मुख्य फार्मासिस्ट जवाहरलाल नेहरू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर भिलाई, डॉ.साकेत बंछोर, डॉ. पीएल पटेल जनरल प्रैक्टिशनर गोता, डॉ. सीआर साहू जनरल प्रैक्टिशनर मोहरेनगा इत्यादि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अभिषेक पसीने में स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्टों की भूमिका की सराहना की एवं उनके भूमिका पर प्रकाश डाला उन्होंने रोगियों को दवाओ की जानकारी देने दवाओ के प्रभाव की निगरानी करने और स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्रदान करने में फार्मासिस्टों के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसी क्रम में डॉ. साकेत बंछोरे ने कहा कि फार्मासिस्ट न केवल रोगियों की देखभाल करता है बल्कि स्वास्थ्य शिक्षा एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी भूमिका निभाता है एवं उन्होंने कार्यक्रम में फार्मासिस्टों की भूमिका और योगदान को सराहते हुए उनका उनकी सेवाओं को और मजबूती देने पर बल दिया।

## वित्तीय साक्षरता में बचत के तरीके जानें स्टूडेंट ने

**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में वाणिज्य विभाग, प्लेसमेंट सेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. संगीता मेहूरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षक वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक मुकेश सिन्हा ने बचत करने के तरीकों, बचत को सही जगह निवेश की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. संगीता ने कहा वित्तीय साक्षरता भौतिक जीवन की मूल शिक्षा है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपण
FUT एवं FUE तकनीक द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा बीएसपी में कार्यरत ठेका श्रमिकों के बच्चों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिये पुरस्कृत करने के लिए प्रोत्साहन-प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में किया गया है। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार होंगे। इस योजना के तहत सत्र 2023-24 में 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 235 विद्यार्थियों को क्रमशः 5 व 8 और 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जायेगा।

### फूड वेंडरो की कार्यशाला

**भिलाई।** पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे स्तर पर खाद्य सामग्री बेचने वाले पथ विक्रेताओ को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देने ननिभि मुख्य कार्यालय सभागार में 26 सितंबर को सुबह 10 बजे प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### यूनियन चुनाव कराने में विलंब पर भी जताया आक्रोश

# बोनस फॉर्मूला : बीएकेएस ने किया आक्रोश प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ द्वारा एएसपीएलआईएस फॉर्मुला को रद्द करने तथा प्रोडक्शन रिलेटेड पे को लागू करने के लिए आक्रोश प्रदर्शन किया । एसबीआई , सेक्टर 1 से रैली निकली रैली मुर्गा चौक पर सभा में तब्दील हुई। वक्ताओं ने सेल प्रबंधन के वेज रीविजन एमओयु, बोनस समझौता, एरियर, इंसेंटीव रिवार्ड, बीएसपी में यूनियन चुनाव कराने में विलंब करने की निंदा किया । एनजेसीएस यूनियनो तथा उसके नेताओं के प्रबंधन परस्त नीतियों की भी विरोध किया । प्रति मिलियन टन उत्पादन के हिसाब से बोनस राशी तय करने का मांग किया। यूनियन पदाधिकारीयों व कर्मियों ने प्रोडक्शन डेटा, लाभ तथा अन्य आँकड़ो का बैनर , पोस्टर हाथ में लिया था । सेल प्रबंधन द्वारा जबरदस्ती सभी समझौता लागु करने तथा पिछले तीन वर्षो से बोनस राशी सेल कर्मियों के खाते मे भेजने के कारण सभी सेल कर्मी बहुत आक्रोशित है।

वही भिलाई इस्पात संयंत्र में पिछले एक वर्ष यूनियन चुनाव नही कराने के मैनेजमेंट की नीतियों को भी सभी वक्ताओं ने निंदा किया। सदस्यों ने प्रबंधन और एनजेसीएस नेताओं के पुतले का सार्वजनिक अपमान कर आक्रोश प्रकट किया। सभा को अध्यक्ष अमर सिंह, महासचिव अभिषेक सिंह, कोषाध्यक्ष नवीन मिश्रा, उप महासचिव नवीन ध्रुव, उपाध्यक्ष उमाकांत कन्हाई , कार्यकारिणी सदस्य किशोर साहु, निरंजन, सुनील शर्मा, निशांत, प्रवीण ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह आक्रोश रैली नही, बल्कि सेल प्रबंधन की गलत नीतियों का सबूत है कि कर्मचारी काम करने के बाद अपने हक के लिए सड़क पर उतर रहे है । इस्पात मंत्रालय की मौन सहमति कर्मियों के आक्रोश को और बढ़ा रहा है। हम हर हालत मे प्रोडक्शन रिलेटेड पे , इंसेंटीव फॉर्मुले मे सुधार तथा यूनियन चुनाव करा कर रहेंगे।

# राज्य स्तरीय शालेय खेल स्पर्धा का सांसद बघेल ने किया शुभारंभ



**भिलाई।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन एसएनजी विद्यालय सेक्टर-4 के सभागार में सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सांसद ने खिलाड़ी बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन के लिए बहुत जरुरी है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सभी संसदीय क्षेत्रो मे सांसद खेल महोत्सव का आयोजन होना है। सेजस बालाजी नगर और सेजस दीपक नगर दुर्ग स्कूल के छात्रो ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और बैंड दल पं जवाहरलालनेहरु सेजस खुर्सीपार स्कूल के छात्रो ने रहे। स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग अरविन्द मिश्रा ने दिया। नेटबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग बस्तर विरुद्ध बिलासपुर (बिलासपुर 13-3 से विजयी, दुर्ग विरुद्ध रायपुर (दुर्ग 15-12 से विजयी), दुर्ग विरुद्ध बिलासपुर (13-8 से दुर्ग विजयी), बिलासपुर विरुद्ध रायपुर (रायपुर 16-13 से विजयी), दुर्ग विरुद्ध सरगुजा (दुर्ग 15-0 से विजयी), /सरगुजा विरुद्ध बस्तर (बस्तर 4-3 से विजयी) बालिका वर्ग दुर्ग विरुद्ध रायपुर (दुर्ग 17-9 से दुर्ग विजयी), बिलासपुर विरुद्ध बस्तर (बिलासपुर 12-3 से विजयी), दुर्ग विरुद्ध बिलासपुर (दुर्ग 17-5 से विजयी), बिलासपुर विरुद्ध सरगुजा (बिलासपुर 18-2 से विजयी), दुर्ग विरुद्ध बस्तर (दुर्ग 13-5 से विजयी), सरगुजा विरुद्ध बस्तर (सरगुजा 7-5 से विजयी) और रायपुर विरुद्ध बस्तर (रायपुर 18-2 से विजयी)रहे।

# महिला के हत्या मामले में अपचारी बालक समेत 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



गंगोत्री उर्फ गंगा जांगडे हत्या कांड में पुलिस ने अपचारी बालक समेत 6 को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम टेमरी में अज्ञात महिला की लाश मिली थी जिसे पत्थर से कुचलकर हत्या किया गया था।

नगपुरा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। जांच टीम में एफएसएल की टीम, ट्रेनी आईपीएस, पुलगांव पुलिस की टीम मौके पर पहुँची। शव का शिनाख्त करने के बाद जांच शुरु किया गया। जिसमें पता चले कि ग्राम दादर हाल पोटिया चौक दुर्ग निवासी गंगोत्री 19 सितंबर की रात मकान मालिक के साथ खाना खाने होटल जाने की बात परिजनों को बताई थी। मृतिका गंगोत्री दो व्यक्तियों के संपर्क में थी। उन दोनों व्यक्तियों को नौकरी लगाने के नाम पर विगत 7-8 माह से गंगोत्री ने रकम दी थी। काफी दिन बीतने के बाद नौकरी नही लगी तो गंगोत्री ने दबाव बनाना शुरू किया। तब कातुल बोर्ड दुर्ग जयदीप साहू, पवन कुमार सिंह ,हेमलता बंजारे, आशा नगर दुर्ग मनीष बंजारे और अपचारी बालक ने मिलकर गंगोत्री को रास्ते से हटाने प्लान तैयार किया। जिसके तहत जालबांधा खैरागढ़ निवासी निर्भय जांगडे को गंगोत्री की हत्या करने 1 लाख रुपए दिया गया। रकम को निर्भय के छग राज्य ग्रामीण बैंक शाखा कातुलबोर्ड के खाते में ट्रांसफर किया। गंगोत्री की हत्या की योजना में हेमलता बंजारे भी शामिल हुई तीनों ने विड़ियोकाल कान्फ्रेंस में बात कर हत्या की योजना बनाई। आरोपी ने कई बार हेमलता के खाते में बड़ी रकम ट्रासंफर किया था। कार्रवाई में क्राइम डीएसपी अलेक्सजेंडर किरो, पुलगांव टीआई प्रकाशकांत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### लापता कारोबारी की नदी में मिली लाश



**दुर्ग।** मोहन नगर थाना अंतर्गत कादम्बरी नगर निवासी राइसमिल कारोबारी अनिल पिता सत्य प्रकाश बंसल (48वर्ष) की लाश अंततः बेमेतरा जिले के ग्राम परपोड़ा के पास मिली है। वे पिछले करीब 24 घंटे से लापता थे। बता दें कि 24 सितंबर की सुबह करीब 11 बजे अनिल घर से रायपुर जाने के नाम पर निकले थे। दोपहर करीब 1 बजे से उनका मोबाइल बंद था। शाम को इसकी जानकारी मोहन नगर पुलिस को दी गई। इसके बाद खोजबीन शुरू की गई। करीब 7 घंटे की तलाश के बाद उनका शव मिला। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार 26 सितंबर की दोपहर 3 बजे उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर ठगी करने वाला संबलपुर से गिरफ्तार

**भिलाई।** इंवेस्टमेंट का झांसा देकर ठगी करने वाले डॉयरेक्टर को पुलिस ने संबलपुर उड़िसा से गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि आशीष नगर पूर्व रिसाली निवासी योगेश कुमार साहू 14 दिसंबर से 30 दिसंबर 2024के मध्य एमसीएक्स कपनी का डायरेक्टर संतोष आचार्य और पीड़ित का दोस्त प्रकाश चंद पाढ़ी के द्वारा एमसीएक्स कंपनी में 1 साल तक इन्वेस्ट करने पर प्रतिमाह 3 से 7 प्रतिशत लंभास व इन्वेस्ट राशि के एवज में बाण्ड पेपर देने की बात कही थी। कंपनी 60 दिवस तक लाभांस नहीं देती तो बाण्ड पेपर के माध्यम से इन्वेस्ट राशि वापस लिया जा सकता है। झांसे में आकर पीड़ित की पत्नी, दोस्त सुखनदंन साहू, गिरिश चन्द्राकर के नाम से भिन्न भिन्न रकम 49 लाख 50 हजार रुपए जमा कराया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपीगण संतोष कुमार आचार्य, प्रकाश चंद पाढ़ी को पकड़ा गया। कार्रवाई में नेवई थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कमल सिंह सेंगर समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।



### पेट्रोलिंग गाड़ी हादसे का शिकार, दो जवान घायल

**भिलाई।** गुरुवार की रात धमधा मार्ग पर पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। हादसे में दो पुलिस जवानों के घायल होने की खबर है। उन्हें घायल अवस्था में उपचार के लिए स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर पहुंचाया गया। जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई गई है। जानकारी के मुताबिक हादसा वाहन के तेज रफ्तार में होने की वजह से हुआ। बहरहाल दोनों जवानों का इलाज चल रहा है। पुलिस के अधिकारियों ने घटना को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ। इसका खुलासा नहीं हो पाया है। बता दें कि नवरात्र के चलते सड़क पर पैदलयात्रियों की संख्या बढ़ी हुई है। वाहनों की आवाजाही भी 24 घंटे बनी हुई है। इसे देखते हुए पुलिस ने पेट्रोलिंग गश्त बढ़ा दी है। गश्त के दौरान ही यह हादसा हुआ।

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दक्षमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
13 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
11 जनवरी 2026
मकर संक्रांति स्नान
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव की
हमारे प्रतिष्ठान हेतु ऊर्जावान एवं लक्ष्य-उन्मुख मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव की आवश्यकता है।
- शैक्षणिक योग्यता: स्नातक / एमबीए वरीयता प्राप्त
- अनुभव: मार्केटिंग / सेल्स में (अनुभवी को प्राथमिकता)
- कौशल: उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
- वेतन: आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
- स्थान: दुर्ग-भिलाई
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें
CONTACT
88899-68883, 0788-4091720

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
COLORS CHILDREN HOSPITAL
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएँ
अब भिलाई, दुर्ग में
दिनांक : 27 सितम्बर 2025, शनिवार
समय : दोपहर 1.30 से 3.30 बजे तक
स्थान : कलर्स चिल्ड्रन हॉस्पिटल, दुर्ग
समय : दोपहर 2 से सायं 4 बजे तक
स्थान : चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल, नेहरू नगर, प्रियदर्शिनी पश्चिम, भिलाई
डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव
DNB (Paediatric), MECPCH-I
Fellowship in Pediatric Haematology & Oncology
कंसलटेंट
पीडियाट्रिक हेमाटो ऑन्कोलॉजी
डॉ. रश्मि राय
सलाहकार, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
एमडीएस
(ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
FIBCSOMS (सिर और गर्दन)
बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध है
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण हैं तो आज ही हमारे विशेषज्ञ से मिलें
- स्तन में गांठ
- मुँह में अल्सर या गले में गांठ
- मल या मूत्र विसर्जन की आदतों में परिवर्तन
- कान व वजन में अनापेक्षित बदलाव
- लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
- निगलने में कठिनाई या आवाज में बदलाव
- रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना
- शरीर में खून की कमी/कमजोरी थकान महसूस होना
- पीलिया, गाढ़ी पेशाब होना
- बार-बार बुखार आना
- जोड़ों में दर्द होना
- शरीर के किसी भाग में गांठे दिखना
- आसानी से चोट लगना, छोटे लाल धब्बे आना
- वजन में कमी
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 8871663478
8282823333, 8282824444 नया रायपुर, छ. ग.
ATUL

हरिभूमि
समाचार ही नही विचार भी
inh
बढ़ते भारत की आवाज
Presents
रास गरबा - 2025
Grand Finale 26 Sept.
CO-SPONSORED BY
मान.इन्द्रजीत सिंह (छोटू)
अध्यक्ष
सर्वसमाज कल्याण समिति
TABS Associates
PRIVATE INSTITUTE FSDMI
बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति
Furniture
अनामिका रमेश पटेल
आर.के. इंजीनियर्स दुर्ग
एक एहसास अपनेपन का
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NTC
Raipur | Bhilai | Durg | Korba
कमला मेडिकल
संजय खंडेलवाल
सुपेला, भिलाई
Satkar Gas & Appliances
Akash Ganga,Supela
ओजस महिला समिति
रिसाली, भिलाई

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129




## ट्विनसिटी में विराजीं मां दुर्गा



भिलाई। आदर्श नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, चिंगरी पारा सुपेला।



भिलाई। जय माता दी दुर्गा उत्सव समिति जनता मार्केट कैंप दो।



भिलाई। नव युवक दुर्गा उत्सव समिति पाच रास्ता सुपेला।



भिलाई। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति जोन 2 खुर्सीपार।

## ट्विनसिटी में चढ़ा गरबा का रंग...



# डांडिया की खनक व दीपों जैसी जगमग से माता की आराधना

रंगे-बिरंगे परिधान और जय अंबे... जय अंबे... की गूंज से गुरुवार की रात स्टील क्लब सेक्टर गूंज उठा। भक्ति और उल्लास से पूरा कैम्पस सराबोर नजर आया। मौका था हरिभूमि और आईएनएच का गरबा उत्सव। सबसे पहले मां दुर्गा की आरती गई। सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल, प्रजापित ब्रह्मकुमारी की आशा बहन इस दौरान प्रमुख रूप से मौजूद थीं। महाआरती के 14 मिनट बाद जैसे ही डीजे के साउंड पर ढोल-नगाड़ों और संगीत बजा, पूरा कैम्पस गरबा की ताल पर थिरकने लगा। हरिभूमि के इस आयोजन के पहले दिन परंपरा, भक्ति और आधुनिकता का संगम देखने को मिला। प्रशिक्षित कलाकारों के साथ-साथ हर दिशा से डांडियों की खनक सुनाई दी। लोग गुजराती गीतों पर ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड के लोकप्रिय गानों नगाड़ा संग ढोल, कमरिया, ढोली तारो, पंजाबी भांगड़ा बीट्स और छत्तीसगढ़ी गीतों पर भी गरबा खेलते नजर आए। स्टील क्लब में सैकड़ों की भीड़ गरबा खेलने पहुंची। आस-पास खड़े लोग इस भव्य नजारे का आनंद लेते रहे। हरिभूमि और आईएनएच का यह आयोजन 26 सितंबर को भी जारी रहेगा।





### गरबा में झूमते रहे भक्त

रात के आठ बजे, जैसे ही महाआरती की शंखध्वनि गूंजी, पूरा कैम्पस एक मंदिर बन गया। दीपों की कतारें, जैसे आकाशगंगा उतर आई हो, और हर चेहरा-एक श्रद्धा की लौ से रोशन हो गया। सैकड़ों दीपकों की कतारें, रंग-बिरंगे परिधानों में लोग, एक साथ मां आद्यशक्ति का आह्वान कर रहे थे। आंखों के सामने पारंपरिक गरबा करते ये प्रतिभागी कभी सूरज, स्वस्तिक, गुलाब के फूल का आकार बना रहे थे तो कभी पंखुड़ी का आकार ले रहे थे। वहां रंगों, रोशनी और भक्ति का एक मंडल बन गया। बता दें कि हरिभूमि और आईएनएच द्वारा गरबा का यह आयोजन से पिछले कई सालों से किया जा रहा है, लगातार यह आयोजन अपनी खुशबू ट्विनसिटी में बिखेर रही है। गुरुवार को भी बड़ी संख्या में माता के भक्त गरबा के इस उत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे। लगातार 3-4 घंटे तक गरबा डांडिया करने से भक्तों में नई ऊर्जा का संचार नजर आया। खासकर महिलाओं के चेहरों की खुशी और चमक देखते ही बन रही थी। लाइव म्यूजिक, गरबा व डांडिया की खनक में भक्त झूमते नजर आए। छोटे बच्चे, युवक, युवतियां, महिला, पुरुष सब एक रंग में नजर आए। सभी ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया। डांडिया के दौरान धोधिया, भाई-भाई, ऐ भईया जी जरा ताली बजा देना, दो व चार ताल, भवानी गरबा, सनेड़ों से साथ ही टिमली व टिटेडों की प्रस्तुति दी। ग्रैंड फिनाले 26 सितंबर को होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद उपासना साहू, संगीता पांडेय, चेंबर ऑफ कामर्स से सुमन कन्नौजे, सरोजनी पाणिग्रही, डॉ. मानसी गुलाटी, डॉ. प्रदीप चौधरी, डॉ. आरती चौधरी, स्पर्श हॉस्पिटल से आलोक दीक्षित सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।







### हरिभूमि गरबा सीजन 10 का धूमधड़ाके के साथ हुआ आगाज

दैनिक हरिभूमि व आईएनएच द्वारा आयोजित डांडिया सीजन-10 का शुभारंभ बड़े ही धूमधड़ाके के साथ हुआ। ट्रेडिशनल ड्रेसअप थीम पर गरबा का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए बकायदा ट्रेनिंग भी दी गई है। डांडिया महोत्सव सीजन 10 के आयोजन में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, टैब्स एसोसिएट के डायररेक्टर संजय गुप्ता, स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, एचटीसी रायपुर और बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति, कमला मेडिकल, सत्कार ऐजेंसी, बीएस फर्नीचर खुर्सीपार, फायर सेफ्टी, नरेश ट्रेडिग सेक्टर 1, श्रीसज्या बुटिक आकाशगंगा, समाजसेविका अनामिका रमेश पटेल का विशेष सहयोग है।

## सिटी इवेंट

### ब्रह्मकुमारी केलाबाड़ी में देवियों की चैतन्य झांकी कल से



**दुर्ग।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजऋषि भवन केलाबाड़ी में आदि शक्तियों की चैतन्य झांकी 27 सितंबर से 01 अक्टूबर तक लगाई जा रही है। समय शाम 6:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। ध्वनि एवं प्रकाश से सुसज्जित चैतन्य झांकी शहर में हमेशा ही एक आकर्षण का केंद्र रहा है। उल्लेखनीय है कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा लगाई जाने वाली चैतन्य झांकी में जो बहनें देवियों के रूप में विराजित रहती है। वे सभी प्रतिदिन राजयोग का गहन अभ्यास करती हैं, जिसके फलस्वरुप उन्हें इतने लंबे समय तक मूर्ति की भांति बैठने का अभ्यास होता है। कहा जाता है मन एक चंचल घोड़े के समान है, मन को साधने के पूर्व तन को साधना आवश्यक है। हम जब राजयोग के द्वारा तन के कर्मेंद्रियों को नियंत्रण में करते हैं तो मन को नियंत्रित करने में सहयोग मिलता है। राजयोग की मुख्य बिन्दु ही है। स्वयं को आत्मा निश्चय कर परमपिता परमात्मा से संबंध जोड़ना जब यह अभ्यास जितनी ही गहनतम होती जाती है, उतनी ही हमारी स्वयं की सूक्ष्म शक्तियों मन-बुद्धि-संस्कार व तन की कर्मेंद्रियों पर हमारा नियंत्रण होने लगता है।

## केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ रायपुर संभाग का अधिवेशन

कार्नर न्यूज

# शिक्षक समाज का निर्माता है, नौकरी से आगे बढ़कर सामाजिक दायित्व भी निभाएं : गजेन्द्र



**दुर्ग।** केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ रायपुर संभाग का वार्षिक अधिवेशन दुर्ग में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में संघ का त्रिवार्षिक चुनाव भी हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से शैलेंद्र गिरी तीसरी बार अध्यक्ष और डॉ. अजय आर्य महासचिव निर्वाचित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का स्वागत शॉल, श्रीफल और माला से किया गया। साथ ही दुर्ग नगर निगम के सभापति श्याम शर्मा का भी अभिनंदन किया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता है और केवल नौकरी तक सीमित न रहकर सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करें। नई शिक्षा नीति में सहायक वाचन को प्रोत्साहित किया जाएगा और बाराखड़ी पढ़ने-लिखाने की जिम्मेदारी अब स्पष्ट रूप से तय होगी। केंद्रीय विद्यालय शहर के श्रेष्ठ विद्यालयों में गिने जाते हैं। सरकारी विद्यालय वास्तव में समरसता की प्रयोगशाला है, जहां अमीर-गरीब एक साथ पढ़ते हैं। संवेदनशीलता का विकास होता है।निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए उन्होंने संदेश दिया कि वे अपनी जिम्मेदारी का निस्वार्थ भाव से निर्वहन करें और शिक्षक समाज के लिए भी समय निकालें।



### शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरुरत

कार्यक्रम में सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। नई शिक्षा नीति से बच्चों का सर्वांगिण विकास होगा। वे नैतिक मूल्यों को सही तरीके से समझ सकेंगे। कार्यक्रम में मनीष साहू, कमल देवांगन, प्रमोद पाटिल, संजय अग्रवाल, आरपी सेहमी, महिला प्रतिनिधि राहत तसनीम, रेशु काकरान, मनोज भारद्वाज, शैलेंद्र गिरी, किशोर कुमार मनवानी, नील माधव, एसके वर्मा, कौस्तुभ नायक, सतीश धीवर, आशुतोष सिंह, विकास यादव, राजेश चंद्राकर, दिनेश पटले, जीपी पांडे, ए मन्ना डे, सुरेश कुमार ,डॉ. अजय आर्य, अरविंद श्रीवास, गणेशराम कावड़े, दिनेश ठाकुर सहित अनेक गणमान्य शिक्षक प्रतिनिधि इस अधिवेशन में उपस्थित रहे।

### डॉ. अजय आर्य चुने गए संगठन के अध्यक्ष, सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

चुनाव अधिकारी लोकेश सिंह की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। महासचिव पद हेतु कमल सोनी ने डॉ. अजय आर्य का नाम प्रस्तावित किया, जिसका समर्थन जेके प्रधान रायपुर, किस्मत मनवानी जगदलपुर एवं जीके चंद्राकर ने किया। प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से वर्तमान पदाधिकारियों पर विश्वास जताते हुए पुनः उन्हें पदभार सौंपा। पुनर्निर्वाचित महासचिव डॉ. अजय आर्य ने आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं शिक्षकों की आवाज बनकर कार्य करता रहूँगा और उनके अधिकारों व सम्मान के लिए पूरी निष्ठा से सक्रिय रहूंगा। उन्होंने कहा दुनिया के सभी शौक पाले नहीं जाते, कांच के खिलौने को हवा में उछाले नहीं जाते। मेहनत करने से जीत हो जाती है बहुत आसान, क्योंकि हर काम तक़दीर के भरोसे कभी टाले नहीं जाते।

समाज इवेंट

## अग्रवाल समाज सेवा भावी कार्यों में सदैव आगे रहा : संपत अग्रवाल



**दुर्ग।** अग्रवाल समाज दुर्ग के 8 दिवसीय अग्रसेन जयंती समारोह का पिछले दिनों समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज सर्व समाज की सेवा के लिए सदैव अग्रिम पंक्ति पर खड़ा रहता है। हमारी एकता एवं संगठन शक्ति ही हमारी ताकत है। उन्होंने सामाजिक एकता और सभी अग्रबंधुओं को साथ आकर सर्वहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज आज दूसरे समाजों को प्रेरणा दे रहा है। समाज हर क्षेत्र में अपनी सहभागिता निभा रहा है। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रमों में समाज के सभी बच्चे, युवा, बुजुर्ग व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूर्व अध्यक्ष जयदेव सिंघल, विजय अग्रवाल, संजय रुंगटा, सुधीर अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन जयंती का एक उद्देश्य भगवान अग्रसेन के सिद्धांतों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का है। ताकि वे आदर्श की प्रेरणा ले सके। कमल नारायण रुंगटा, कैलाश रूंगटा ने बच्चों का रुझान शिक्षा के प्रति हो इसलिए प्रतिवर्ष समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को समाज द्वारा पुरस्कृत किए जाने की जानकारी दी।महासचिव ललित सक्सेरिया एवं कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने सामाजिक गतिविधियों को जानकारी दी। संचालन मीडिया प्रमुख मनोज अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष सरिता गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, सत्यप्रकाश बंसल, विमल सक्सेरिया सहित अन्य मौजूद थे।

- अग्रवाल समाज दुर्ग के 8 दिवसीय अग्रसेन जयंती समारोह का समापन, अंतिम दिन पहुंचे बसना विधायक

● हरिभूमि और आईएनएच के सहयोग से गुंजन्स का आयोजन, विजेताओं को किया गया सम्मानित

# ढोलिडा द बिगेस्ट गरबा में देर रात तक झूमे माता के भक्त

## हिंदी, गुजराती, मराठी, छत्तीसगढ़ी फिल्मी गीतों में पर थिरके





**भिलाई।** ढोलिडा द बिगेस्ट गरबा ऑफ ट्विनसिटी का आयोजन द चौहान एम्पायरियन में किया गया। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि चाहे मौसम कैसा भी हो, छत्तीसगढ़ की जनता की आस्था और उत्साह को कोई नहीं रोक सकता। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बना बल्कि समाज को जोड़ने और एकजुट करने का भी संदेश दिया। हजारों गरबा प्रेमियों की मौजूदगी, सैलिब्रिटी गेस्ट ऐश्वर्या राज भाकुनी की गरिमामयी उपस्थिति और आयोजकों की लगन ने इस शाम को अविस्मरणीय बना दिया। यह आयोजन भविष्य में और भी बड़े स्तर पर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प लेकर समाप्त हुआ। गुंजन्स द्वारा यह गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चारों ओर चक्रवात और भारी वर्षा के बीच यह आयोजन हुआ। आस्था और उत्साह की लहर ने इतिहास रच दिया। गुंजन्स आयोजन द्वारा हरिभूमि और आईएनएच के सहयोग से प्रस्तुत ढोलिडा द बिगेस्ट गरबा ऑफ ट्विनसिटी ने भिलाई के गरबा प्रेमियों को एक मंच पर समेट लिया। इस विशेष शाम में बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राज भाकुनी सैलिब्रिटी गेस्ट के रूप में उपस्थित रहीं, जिनकी मौजूदगी ने पूरे आयोजन को और भी यादगार बना दिया।

### आस्था और उमंग का संगम, गुजराती गानों में किया गरबा

आयोजन के दौरान हिंदी फिल्मी गीतों, गुजराती, पंजाबी, मराठी सहित अन्य गीतों पर भक्त थिरकते नजर आए। लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हजारों गरबा प्रेमियों ने रंग-बिरंगे परिधानों और उमंग से भरे नृत्य के साथ देवी मां की भक्ति में डूबकर गरबा किया। यह आयोजन न सिर्फ ट्विनसिटी का बल्कि पूरे प्रदेश का एक नया सफलता अध्याय बना। आयोजन में पारंपरिक गरबा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी कला और ऊर्जा से सभी का दिल जीत लिया। विजेताओं में गरबा क्वीन नुपुर, गरबा किंग अभिजीत, बेस्ट गरबा ग्रुप श्रृष्टि एंड ग्रुप को सम्मानित किया गया। इन विजेताओं को विशेष ट्रॉफी एवं सम्मान प्रदान किया गया।



### आयोजकों का जताया आभार, भविष्य में भी ऐसे आयोजन की तैयारी

इस आयोजन की सफलता पर गुंजन आयोजन के डायरेक्टर गुंजन एवं यश चंदेल ने सभी सहयोगियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ढोलिडा गरबा ने यह साबित कर दिया कि छत्तीसगढ़ में संस्कृति और भक्ति का संगम सबसे बड़ी ताकत है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद हजारों लोग एक साथ जुटे और गरबा किया। यह अपने आप में एक मिसाल है। हम सभी प्रायोजकों, सहयोगियों और प्रतिभागियों के आभारी हैं। इस अवसर पर आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया। मुख्य रूप से एटी ज्वेलर्स, रायपुर, बालाजी बिल्डर्स, हाइटेक हॉस्पिटल, लायंस क्लब, फिजिक्स वाला, महक सैनिटेशन, चौहान ग्रुप, मैट्स यूनिवर्सिटी, माउंटेन ब्रीज, टीडब्ल्यूसी, गर्व प्रोडक्शन, लक्मे अकैडमी, लेटेस्ट कलेक्शन, सनलाइट फोटोग्राफर, मैक बाउंसर्स का सहयोग मिला।

### गरबा प्रेमी माता की आराधना में डूबे रहे





आयोजन के दौरान सैकड़ों गरबा प्रेमी देर रात तक माता की भक्ति में डूबे रहे। इस दौरान गुजराती, छत्तीसगढ़ी, मराठी वेशभूषा में भक्त थिरकते रहे। महिलाओं के अलावा पुरुषों ने भी आयोजन में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन के अंत में सुंदर एवं आकर्षक स्थल प्रदान करने के लिए द चौहान एम्पायरियन, मार्गदर्शन के लिए मनीष सोनी, शानदारी होस्टिंग के लिए एंकर साहिल, इवेंट मैनेजमेंट एवं संचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए सत्याम चंदेल का आभार व्यक्त किया गया।

धर्म लाइव

## पद्मनाभपुर के आदिनाथ पंडाल में विराजीं मां दुर्गा



**दुर्ग।** पद्मनाभपुर के आदिनाथ पंडाल में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। राम रावण की भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र है।जनता मार्केट पद्मनाभपुर की नव युवक दुर्गाउत्सव समिति के 31 वें वर्ष स्थापना के शुरू दिन से ही आदिनाथ पंडाल व राम हनुमान व कुम्भकर्ण रावण की विशाल चलित झांकी देखने बढ़ी संख्या में श्रद्धालु पहुच रहे हैं। समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह आकर्षक लाइट के साथ ही निशुल्क झांकी प्रदर्शन किया जा रहा है। पंचमी की महाआरती व नवमी को विशाल भण्डारा का भी आयोजन किया गया है।



सियान नागरिक एकता मंच का आयोजन

## वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के गौरव और धरोहर, हमें इन्हें सहेजना होगा



**भिलाई।** सियान नागरिक एकता मंच वैशाली नगर भिलाई का 17 वां स्थापना दिवस समारोह सियान सदन वैशाली नगर में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन थे। अध्यक्षता भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। वार्ड पार्षद स्मिता दोड़के, समाज सेवी सतीशचंद्र अग्रवाल, विपिन कुमार गिरि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रिकेश सेन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के गौरव एवं धरोहर हैं। उनकी खुशहाली के लिए हम हर संभव कार्य करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए सर्व सुविधायुक्त भवन वैशाली नगर में बनेगा। उन्होंने समझाईस देते हुए कहा कि सियान सदन के संचालन में राजनीति न लाएं और मिलजुलकर वरिष्ठ जनों के कल्याण के लिए कार्य करें। महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं कल्याण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सियान आयोग के गठन की मांग की। उन्होंने विधायक जी से इस दिशा में शासन से पहल करने का अनुरोध किया। समारोह को स्मिता दोड़के, सतीशचंद्र अग्रवाल, विपिन कुमार गिरि ने भी संबोधित करते हुए वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान बनाए रखने पर जोर दिया। आरंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात एकता मंच वैशाली नगर के अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद ने स्वागत भाषण दिया। सचिव दिनेश कुमार गुप्ता ने मंच की उपलब्धियों एवं गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

**अतिथियों का किया गया शॉल, श्रीफल से सम्मान :** समारोह में समिति की ओर से विधायक रिकेश सेन, महासंघ अध्यक्ष घनश्याम देवांगन, स्मिता दोड़के, सतीशचंद्र अग्रवाल, विपिन कुमार का शॉल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सियान नागरिक एकता मंच के अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद, महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रसाद मिश्रा, बाबूलाल साहू, डी. ए. करमाकर, रामायण मिश्रा, घनश्याम यादव, आर बी गुप्ता, शंकर शेन्डे, सुरेश जोशी, आर. पी. वार्ष्णेय, शिवप्रसाद साहू, गंगाचरण पुरोहित, अर्जुन सिंह साहू, राजपाल सिंह राघव, विश्वनाथ वर्मा, जे. आर. साहू, रामाधार वर्मा, एम एल गोपाल , कपिल नारायण आदि सहित वरिष्ठ नागरिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह का संचालन दिनेश मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन रामायण मिश्रा ने किया।

शासन को कराया समस्या से रूबरू

## नेत्र सहायक मिले हेल्थ डायरेक्टर से पदोन्नति चैनल बनाने दिया सुझाव



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए नेत्र सहायक अधिकारी वीएस राव वरिस्ट नेत्र सहायक अधिकारी के माध्यम से डॉ. प्रियंका शुक्ला संचालक स्वस्थ सेवाएं से मिले। इस दौरान उन्हें अवगत कराया गया कि विभिन्न राज्यों में जिस तरह से नेत्र सहायक अधिकारियों का प्रोमेशनल चैनल बना है, उसी तरीके से छत्तीसगढ़ में भी पदोन्त चैनल बनाया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने मांगपत्र भी सौंपा। जानकारी दी कि उच्च न्यायालय से प्राप्त 25 अगस्त 2025 के निर्देशानुसार एक माह में शासन के द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। संचालक ने पूरे डेलीगेशन से कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्कूल बच्ची का नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद आपरेशन, प्रेस बायोपिक वितरण, चश्मा वितरण करने निर्देश दिए गए हैं। आप लोग अच्छा कार्य करेंगे, तो मैं भी शासन के समक्ष पदोन्नति हेतु मांग शासन के समक्ष अच्छा लगेगा। प्रतिनिधि मंडल में राजनंदगांव से लोकेश सोनवानी, धमतरी से क्षितिज साहू, लोकेश कुर्रे, दुर्ग से संतोष सोनवानी, रायपुर देवेंद्र डड़सेना, गौतम रात्रे, सालिक राम नवरंगे उपस्थित थे।

समाज इवेंट

## तीज मिलन में अर्चना वर्मा बनी तेजस्विनी दिवा, जीता फर्स्ट प्राइज



**भिलाई।** महिला समाज सेक्टर 9 क्लब ने कला मंदिर में आयोजित महा तीज मिलन कार्यक्रम तेजस्विनी में शानदार प्रदर्शन करते हुये क्लब की अर्चना वर्मा ने सभी 10 क्लबो की प्रतिभागियों को पराजित कर तेजस्विनी दिवा का प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रत्येक क्लब से चुनी गई प्रथम एवं द्वितीय तीज सुंदरियों ने 3 राउंड तक शानदार प्रदर्शन किया। सेक्टर 9 से द्वितीय तीज क्वीन सर्वणा सुधा मुखर्जी एवं नृत्य प्रतियोगिता में बाबी दिल्लीवार, किरण रात्रे ने हनुमान जयंती थीम पर शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की निर्णयिका सागरिका पाढ़ी और उपासना तिवारी रहीं। क्लब की ज्योति शर्मा ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया। क्लब की सचिव अदिति सिंघल ने अर्चना वर्मा की सफलता पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इसे क्लब कमेटी की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम बताया। साथ ही क्लब की सह सचिव माधवी ठाकरे और कोषाअध्यक्ष संगीता खर्चे ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता स्मिता गिरी ने की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रणोति मुखोपाध्याय, महासचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सुधा शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

हर दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना, इस बार की झांकियां आकर्षण का केंद्र

कार्नर न्यूज

# पूरे प्रदेश में सत्ती चौरा में एक मात्र माता की प्रतिमा, जहां 42 साल से नवरात्र में हर दिन बदलता है माता का श्रृंगार

**दुर्ग।** सत्तीचौरा मंदिर गंजपारा में क्वांर नवरात्रि पर्व में स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमा छत्तीसगढ़ में अपनी तरह की अलग प्रतिमा है। यहां प्रतिदिन माता का श्रृंगार किया जाता है। श्रृंगार भी केवल ज्वेलरी या अन्य बदलने तक सीमित नहीं है। बाकायदा प्रतिमा की पेंटिंग भी बदली जाती है, जोकि पूरे छत्तीसगढ़ में एकमात्र स्थान में होता है। दुर्ग के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर की स्थापना भले ही अभी कुछ वर्षों पूर्व ही हुई है, परंतु यहां क्वांर नवरात्र पर्व में विगत 48 वर्षों से माता की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। विगत 46 वर्षों से यहां 18 भुजाओं वाली माता जी की ही प्रतिमा रखी जाती है, जिसका प्रतिदिन श्रृंगार अलग अलग रूपों में किया जाता है। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से माता जी का श्रृंगार करना प्रारंभ किया जाता है, जिसमें विगत 40 वर्षों से राजीव नगर निवासी हेमंत मानिकपुरी माता का श्रृंगार करते हैं। माता की प्रतिमा का प्रतिदिन साड़ी का रंग भी बदला जाता है। सुबह से माता जी की साड़ी का रंग बदलना चालू होता है, फिर पूरे आभूषण बदला जाता है।

### छोटा सा यह मंदिर काफी दुर्लभ, स्थानीय लोगों में खासी मान्यता

समित्ति के सुरेश गुप्ता ने बताया कि करीब 42 सालों से लगातार यह क्रम जारी है। सत्तीचौरा का इतिहास किसी से छिपा नहीं है। स्थानीय लोगों में इस मंदिर को लेकर अपनी आस्था है। छोटा-सा यह मंदिर दुर्लभ माना गया है। पुराने लोगों के माने तो यह पहले गंजमंडी में स्थापित होने वाली माता की प्रतिमा के साथ विराजमान होती थीं। दोनों को बहनों की तरह माना जाता है। बाद में अलग से समिति का गठन हुआ। आज भी प्रतिमा की स्थापना के दौरान दोनों प्रतिमाओं को आमने-सामने से होकर एक बार अवश्य गुजारा जाता है। इधर सत्तीचौरा में स्थापित दुर्गा प्रतिमा में प्रतिदिन करीब 10 हजार रुपए खर्च कर श्रृंगार किया जाता है।



### झांकी : शिव वाटिका में 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन

सुरेश गुप्ता ने बताया कि यह परंपरा 1983 में शुरू की गई। प्रदेश में अन्य किसी भी स्थान में क्वांर नवरात्र में विराजमान की गई दुर्गा प्रतिमा का प्रतिदिन श्रृंगार नहीं होता, लेकिन हमारे यहां परंपरा है। हमारे बुजुर्गों ने इनका निर्वहन किया। अब समिति के सदस्य इसका निर्वहन कर रहे हैं, जोकि पूरे प्रदेश में एक अलग स्थान बन चुका है। इस वर्ष क्वांर नवरात्र पर्व में सत्तीचौरा में आकर्षित झांकी भी बनाई गई है, जिसे देखने पूरे जिले से हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी आ रहे है। इस वर्ष सत्तीचौरा में बारह ज्योतिर्लिंग दर्शन शिव वाटिका की 2 अलग अलग झांकी रखी गई है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में तमिलनाडु और विदर्भ ने जीते अपने मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ कप 2025 तृतीय संस्करण – सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2025 का आयोजन 21 सिंतबर से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल, झारखंड तथा विदर्भ की टीमें हिस्सा ले रहीं। गुरुवार को खेले गए 2 मैच में तमिलनाडु तथा विदर्भ ने अपने-अपने मैच जीते। पहला मैच तमिलनाडु बनाम बंगाल के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 10.15 बजे से खेला गया। मैदान गीला होने की वजह से मैच 15-15 ओवरों का खेला गया। बंगाल वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट खोकर 111 रन बनाये। तमिलनाडु की की ओर से कमलिनी जी ने सर्वाधिक 57 रन बनाये। उनके अतिरिक्त शुभहरीनी ने 15 रन तथा अर्शी चौधरी ने 13 रनों की पारी खेली। बंगाल की ओर से सायका इशाक ने 2 विकेट तथा मीता पॉल ने 1 विकेट प्राप्त किये। 112 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल वुमेंस की टीम ने की शुरुवात अच्छी नही रही तथा उनके दोनों प्रांरभिक बल्लेबाज शून्य पर आउट हो गए। बंगाल टीम 14.3 ओवरों में 75 रन ही बना सकी। बंगाल की ओर से सास्थी मंडल ने 30 रन, मीता पॉल ने 17 रन तथा रुपल तिवारी ने 13 रन नाबाद बनाए। वही तमिलनाडु की ओर से अक्षरा श्रिनीवासन ने 3 विकेट तथा कीर्तना ने 2 विकेट प्राप्त किये। 57 रन बनाकर जी कमलिनी प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। तमिलनाडु ने 36 रनों से मैच जीत लिया। दूसरा मैच छत्तीसगढ तथा विदर्भ के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 1.15 बजे से खेला गया। छत्तीसगढ वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये में निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 139 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से नेहा बडवाइक ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। साथ ही तरन्नुम पठान ने 26 रन तथा कृति गुप्ता ने 25 रनों का योगदान दिया। शिवी पांडे ने भी महत्वपूर्ण 18 रन बनाये। विदर्भ की ओर से कोमल ने 4 विकेट तथा कंचन नागवानी ने 3 विकेट प्राप्त किये। 140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदर्भ वुमेंस की टीम ने 17.3 ओवरों में 1 विकेट खोकर 141 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। विदर्भ की ओर से दिषा कसत ने नाबाद 67 रन तथा मोना मेश्राम ने नाबाद 72 रनों योगदान दिया। वही छत्तीसगढ की ओर से अदिति पनवार 1 विकेट प्राप्त किये। कोमल ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। विदर्भ ने 9 विकेट से मैच जीत लिया।

### राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस 5 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति द्वारा स्व. श्री गुलाब चंद जी शर्मा स्मृति प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025 का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 05 अक्टूबर रविवार को किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला एकल (आयु वर्ग 40, 50, 60, 65, 70, 75) वर्ग हेतु कुल मिलाकर 12 वर्गों में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से कुल मिलाकर लगभग 150 पुरुष एवं महिला खिलाडियों के भाग लेने की संभावना है एवं प्रतियोगिता लीग पद्धति में खेली जायेगी जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक खिलाड़ी को कई मैच खेलने का अवसर मिले। यह आयोजन टेबल टेनिस के क्षेत्र में वरिष्ठ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ राज्य स्तर पर मास्टर्स खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा और समरसता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छत्तीसगढ़ में टेबल टेनिस खेल को और अधिक मजबूत एवं व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे अनुभवी खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिले और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने। प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन को बढ़ावा दिया जाएगा। आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के पंजीकृत खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे तथा प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 28 सितंबर है।


### फेफड़ों के स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता आज सबसे बड़ी जरूरत

# बैठे-बैठे जॉब करने वाले भी हो सकते हैं फेफड़ों की बीमारियों के शिकार, जानिए इसकी वजह

फेफड़ों की बढ़ती बीमारियां चिंताजनक हैं क्योंकि इसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। लंग्स कैंसर वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बनकर उभरा है जो हर साल डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान ले रहा है। अध्ययनकर्ता बताते हैं, इन समस्याओं को काफी हद तक रोका जा सकता है अगर सभी लोग अपने जोखिमों पर ध्यान देते हुए इससे बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहें।

शोध बताते हैं कि धूम्रपान फेफड़ों की ज्यादातर बीमारियों के लिए प्रमुख कारण है। फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 80% मौतें धूम्रपान से ही संबंधित पाई जाती हैं। इसी तरह से वायु प्रदूषण, विशेषतौर पर इनडोर प्रदूषण भी इस महत्वपूर्ण अंग के लिए खतरनाक हो सकता है।

डॉक्टर बताते हैं, बाहरी प्रदूषण की तरह खराब इनडोर वायु गुणवत्ता भी फेफड़ों की गंभीर समस्याओं, अस्थमा-ब्रोंकाइटिस और यहां तक कि कैंसर का खतरा बढ़ा सकती है। अगर आपके घर-ऑफिस में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था नहीं है तो ये फेफड़ों के लिए नुकसानदायक स्थिति हो सकती है। ऑफिस में बैठे-बैठे भी आप फेफड़ों के रोग के शिकार हो सकते हैं।



### वेंटिलेशन की कमी खतरनाक

ज्यादातर ऑफिस कांच के शीशों और एयर कंडीशन से पैक होते हैं, लिहाजा इमारतों में उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था का अभाव हो सकता है। इसकी वजह से बंद कमरों में ताजी हवा नहीं आ पाती और न ही अंदर की हवा बाहर जा पाती है। इस तरह की स्थितियों में न सिर्फ श्वसन संक्रमण फैलने का खतरा अधिक होता है, साथ ही इससे दीर्घकालिक तौर पर फेफड़ों को भी क्षति पहुंच सकती है। चूंकि अधिकतर लोग अपने दिन का ज्यादातर समय ऑफिस में ही बिताते हैं, ऐसे में इनमें फेफड़ों की समस्याओं का जोखिम और अधिक हो सकता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ अमित प्रकाश बताते हैं, खराब या लो-वेंटिलेशन वाली जगहों पर हवा में 100 गुना अधिक सूक्ष्म कण हो सकते हैं। इनडोर वायु प्रदूषकों के संपर्क में रहने के कारण फेफड़ों में संक्रमण जैसे निमोनिया होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा ये शरीर पर तत्काल प्रभाव भी पैदा कर सकते हैं जैसे कि आंखों, नाक और गले में जलन, सिरदर्द, चक्कर आना आदि। अस्थमा या अन्य श्वसन समस्याओं से परेशान रोगियों में इनडोर प्रदूषण लक्षणों को और भी खराब कर सकती है।

### किन्हें इसका खतरा अधिक?

डॉक्टर बताते हैं, लंग्स कैंसर वाले कई मरीज जो सिगरेट नहीं पीते थे, उनकी हिस्ट्री जानने के दौरान पता चला कि या तो उनमें सेकेंड हैंड स्मोकिंग या फिर इनडोर प्रदूषण के कारण ये समस्या विकसित हुई। वैसे तो इनडोर प्रदूषण के कारण होने वाली समस्याओं का जोखिम किसी को भी हो सकता है। पर जो लोग अधिकतर समय बंद कमरों या ऑफिस में बिताते हैं या फिर पहले से ही फेफड़ों की बीमारी के शिकार हैं उनमें जटिलताएं अधिक देखी जाती हैं। बच्चों का भी ज्यादातर समय स्कूल में बीतता है, इसकी वजह से इनडोर वायु प्रदूषण के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों का जोखिम इनमें भी अधिक हो सकता है।

### डब्ल्यूएचओ की सलाह

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक रिपोर्ट में बताया कि वयस्कों में फेफड़ों के कैंसर से होने वाली लगभग 11% मौतें इनडोर वायु प्रदूषण से उत्पन्न कैंसरकारी तत्वों के कारण होती हैं। इस प्रकार के प्रदूषकों से बचे रहने और अपने स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए घरों में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था रखना जरूरी है। कमरों में खिड़कियां लगवाएं जिससे बाहर से साफ हवा आ सके और अंदर की हवा बाहर निकल सके।

घरों की साफ सफाई के लिए हानिकारक रसायन वाले उत्पाद का इस्तेमाल न करें, इससे भी इनडोर प्रदूषण हो सकता है। ओजोन युक्त उत्पादों से बचें। इसके अलावा एयर फ्रेशनर और तेज सुगंध वाले उत्पादों का उपयोग भी सीमित करें। सभी लोगों को सांस के अभ्यास करना और बाहर खुली हवा में वक्त बिताना बहुत जरूरी है।





# कहीं आप भी तो नहीं हो रहे घोस्टिंग के शिकार

घोस्टिंग यह ऐसा शब्द है जो हाल ही में प्रचलन में आया है। आपने अपने दोस्तों के मुंह से इस शब्द का उच्चारण सुना होगा, पर बहुत से लोग आज भी यह नहीं जानते हैं कि आखिर यह घोस्टिंग है क्या ? दरअसल, जब कोई व्यक्ति अचानक और बिना खास वजह के आपसे दूर होने लगे और आपको इग्नोर करने लगे तो इसे घोस्टिंग कहते हैं।

कई बार घोस्टिंग के मामले मेंटल हेल्थ से जुड़े होते है, क्योंकि बहुत से लोगों में रिश्ता स्वीकारने की हिम्मत नहीं होती, जिस वजह से भी वह घोस्टिंग का सहारा लेकर अपने पार्टनर को इग्नोर कर देते हैं। ऐसे में अक्सर मनोवैज्ञानिक भी कहते हैं अपनी जिंदगी में घोस्टर्स को जगह नहीं देनी चाहिए।

अगर आप यह सोच रहे हैं कि आप भी घोस्टिंग के शिकार हो रहे हैं, तो यहां कुछ संकेत हैं जिनसे आप पहचान सकते हैं। यदि इन संकेतों के जबाव हां मिल रहा है, तो तुरंत उस व्यक्ति से दूरी बनाएं।

### अचानक बात कर दे बंद

हर किसी में कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनसे नियमित रूप से बातचीत होती है। ऐसे में अगर वही व्यक्ति बिना किसी वजह से अचानक बात करना बंद कर दे तो यह घोस्टिंग का संकेत हो सकता है।



### मैसेज का जबाव न देना

कोई व्यक्ति इतना व्यस्त नहीं होता, कि वो एक मैसेज का जवाब न दे पाए। ऐसे में यदि आपका भेजा हुआ संदेश सीन करके छोड़ दिया जाए, तो यह एक स्पष्ट संकेत हो सकता है कि आप घोस्टिंग का शिकार हो रहे हैं।

### योजनाओं को बार-बार टालना

यदि सामने वाला व्यक्ति बार-बार मिलने या बात करने की योजनाओं को टालता रहता है और बिना किसी वैध कारण के बार-बार बहाने बनाता है, तो यह एक संकेत हो सकता है कि आपका रिश्ता या दोस्ती घोस्टिंग की ओर बढ़ रही है। ऐसे में आपको संभलने की जरूरत है।

### सोशल मीडिया पर अनुपस्थिति

सोशल मीडिया पर तो आजकल हर कोई एक्टिव रहता है। ऐसे में अगर सामने वाला व्यक्ति सोशल मीडिया पर सक्रिय है, लेकिन आपके संदेशों का उत्तर नहीं दे रहा है या आपके पोस्ट को अनदेखा कर रहा है, तो यह घोस्टिंग का संकेत हो सकता है।

### दोस्तों या परिचितों से भी दूरी

अगर आप किसी कॉमन फ्रेंड्स या परिचितों के माध्यम से उस व्यक्ति के बारे में जानने की कोशिश करते हैं और वे भी आपसे दूरी बनाते हैं, तो यह घोस्टिंग का एक और संकेत हो सकता है। क्योंकि सामने वाला हर किसी को ये पहले से ही बोल देता है कि आपको किसी तरह की जानकारी न दी जाए।



# तेल में तलकर नहीं भाप से पकाएं पूरियां

पूरी खाने का मन है, लेकिन कोलेस्ट्रॉल की चिंता है। तेल में फ्राई पूरी अनहेल्दी तो होती है। अगर हम आपको बगैर तेल के पूरी बनाने के तरीके बताएं, तो क्या कहेंगे? आइए आप भी ये ट्रिक्स सीख लीजिए।

मुझे पूरी सब्जी, पूरी-छोले, पूरी- कद्दू की सब्जी, शॉर्ट में कहूं तो पूरी खाना बहुत पसंद है। मगर अक्सर मन मार लेती हूं। दरअसल, पूरी तेल में डीप फ्राई होती है और आटा तेल को इतने अच्छे से अब्सॉर्ब कर लेता है कि उंगलियों में भी तेल की चिपचिपाहट रह जाती है। ऐसे में ऑयली पूरी खाने के डर से कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का डर मुझे रहता है। ये डर आपमें से भी कुछ लोगों को होगा। अब त्योहार या खास इवेंट्स में तो पूरी ही बनाई जाती है। ऐसे में पूरी खाने का मन कैसे नहीं होगा। लेकिन हम आपको हेल्दी पूरी बनाने के टिप्स बता दें तो? जी हां, ऐसे टिप्स में जिसमें आपको पूरी तेल में डीप फ्राई करने की जरूरत नहीं है। अगर आप ये ट्रिक्स जानना चाहते हैं, तो इस लेख को पूरा जरूर पढ़ें।

### पूरी को भाप में पकाएं

तेल रहित पूरी बनाने के लिए भाप में पकाना एक अपरंपरागत तरीका लगेगा, लेकिन यह प्रभावी तरीका है। हालांकि, उनमें पारंपरिक कुरकुरापन नहीं होगा, लेकिन भाप में पकाई गई पूरी फिर भी फूल जाएंगी और उनकी सॉफ्टेनेस बरकरार रहेगी।

**क्या करें:** आटे को हमेशा की तरह अच्छी तरह गूंथकर लोइयां बनाएं। इसके बाद, गोल आकार में बेल लें। स्टीमर तैयार करें और उसमें रोल की गई पूरी को रखें। ध्यान रखें कि वे एक-दूसरे से छिपके बिल्कुल भी नहीं। फूलने तक 5-7 मिनट तक भाप में पकाएं। इसके लिए ट्रांसपेरेंट लिड का इस्तेमाल करें, ताकि आपको पूरी फूलते हुए



दिखाई दें। जैसे-जैसे पूरी फूले, उन्हें तुरंत प्लेट में निकाल लें। बिना किसी अतिरिक्त तेल के नरम, फ्लफी जैसी पूरी का आलू की सब्जी के साथ मजा लें।

### पूरी को माइक्रोवेव करें

अगर आपके पास समय कम है और आप तेल गर्म करके घंटों किचन में वक्त बिताना नहीं चाहते हैं, तो आप माइक्रोवेव का सहारा ले सकते हैं। इसमें भी पूरी अच्छी तरह से पक जाती है।

**क्या करें:** पूरी बनाने के लिए अच्छा फर्म आटा गूंथ लें और लोइयों को बेलकर पूरी के आकार में तैयार कर लें। अब माइक्रोवेव प्लेट या ट्रे को बहुत ही हल्के तरीके से ऑयल से ग्रीस करें। पूड़ियों को सूखने से बचाने के लिए उन्हें नम कपड़े से ढक दें।अपने माइक्रोवेव को प्री-हीट करके रख सकते हैं। इसके बाद 30-60 सेकंड के लिए हाई टेंपरेचर पर माइक्रोवेव करें।बिना तेल में डीप फ्राई किए आप एक मिनट से भी कम समय में नरम और फूली हुई पूरी का मजा ले सकते हैं।

# नवरात्रि में करें वास्तु उपाय, घर में आएगी सुख-समृद्धि

वास्तु शास्त्र के अनुसार, नवरात्रि में की गई पूजा और उपायों का प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। आइए जानें नवरात्रि में देवी कृपा पाने के लिए किन वास्तु टिप्स को अपनाया जा सकता है।

नवरात्रि का त्योहार न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह आध्यात्मिक उन्नति और घर में सकारात्मक ऊर्जा लाने का भी विशेष समय होता है। भक्तगण व्रत, पूजा और साधना के साथ-साथ घर में शुभता बढ़ाने के लिए कुछ वास्तु उपाय भी करते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, नवरात्रि में की गई पूजा और उपायों का प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। आइए जानें नवरात्रि में देवी कृपा पाने के लिए किन वास्तु टिप्स को अपनाया जा सकता है।



### घर में साफ-सफाई रखें

शारदीय नवरात्रि से पहले घर की संपूर्ण सफाई करना बेहद जरूरी माना जाता है, क्योंकि यह पर्व मां दुर्गा के स्वागत का प्रतीक होता है। विशेष रूप से घर का उत्तर-पूर्व दिशा वाला हिस्सा यानी ईशान कोण साफ और व्यवस्थित होना चाहिए। मान्यता है कि यहीं से सकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश करती है। टूटी-फूटी वस्तुएं, खंडित मूर्तियां या बेकार इलेक्ट्रॉनिक सामान नवरात्रि से पहले हटा देना शुभ होता है।

### कलश स्थापना सही दिशा में करें

नवरात्रि की शुरुआत कलश स्थापना से होती है, जिसे शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार, कलश को घर की उत्तर-पूर्व दिशा में स्थापित करना चाहिए। इसे एक साफ चौकी पर लाल या पीले वस्त्र बिछाकर रखें और उसमें पानी, सुपारी, सिक्का, हल्दी, अक्षत आदि रखें। कलश के ऊपर आम के पत्ते और नारियल रखें।

कार्नर न्यूज

### जीवन में सफलता प्राप्त करने का प्रतीक माना जाता है मां दुर्गा के गुणों को

# हर नारी को अपनाने चाहिए नवदुर्गा के गुण, जीवन में हमेशा रहेंगी सशक्त

इन दिनों नवरात्र चल रहे हैं। इस दौरान नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ अलग अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवदुर्गा का हर स्वरूप नारी सशक्तिकरण के लिए नौ गुणों का प्रतीक है। ये गुण हैं- धैर्य, सहनशीलता, भक्ति, शक्ति, तपस्या, साहस, धर्म, पवित्रता और सिद्धि। नवरात्रि का पर्व इन गुणों को अपनाने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान भक्त व्रत रखते हैं और विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। यह पर्व भक्ति, साहित्य, संगीत, और कला का उत्सव है और समाज में महिलाओं की स्थिति को सशक्त बनाने पर जोर देता है। नवदुर्गा के गुणों को अपनाकर नारी शक्ति को सम्मान दिया जाता है और समाज में सशक्त बनाया जा सकता है। आइए जानते हैं मां दुर्गा के नौ स्वरूपों और उनके महत्व के बारे में।

**मां शैलपुत्री:** नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जो धैर्य का प्रतीक हैं। उन से हमें धैर्य और सहनशीलता का गुण सीखना चाहिए, ताकि जीवन की कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता पाई जा सके।



**मां ब्रह्मचारिणी:**मां ब्रह्मचारिणी तपस्या और संयम का प्रतीक हैं। यह स्वरूप हमें इच्छाओं को नियंत्रित कर कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा देता है, जिससे हम अपने लक्ष्यों को पा सकें।

**मां चंद्रघंटा:** तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा होती है, जो भक्ति और सेवा का स्वरूप हैं। यह स्वरूप हमें दूसरों की सेवा करने और सहयोग की भावना को अपनाने की प्रेरणा देता है।

**मां कूष्माण्डा:** मां कूष्माण्डा साहस का प्रतीक हैं। यह स्वरूप हमें जीवन की चुनौतियों का साहस और उत्साह से सामना करने की प्रेरणा देता है।

**मां स्कंदमाता:** मां स्कंदमाता मातृत्व और संतानों के प्रति देखभाल का प्रतीक हैं। एक आदर्श नारी में मातृत्व का गुण होना आवश्यक होता है, जो प्रेम और देखभाल का प्रतीक है।

**मां कात्यायनी:** मां कात्यायनी को धर्म और न्याय का प्रतीक माना जाता है। यह स्वरूप हमें सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है।

**मां कालरात्रि:** मां कालरात्रि विनाश का प्रतीक हैं। यह स्वरूप हमें हानिकारक और नकारात्मक चीजों का त्याग करने और कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति देता है।

**मां महागौरी:** मां महागौरी पवित्रता का प्रतीक हैं। यह स्वरूप हमें अपने जीवन में शुद्धता और पवित्रता बनाए रखने की प्रेरणा देता है, जिससे हम बुराई से दूर रहें।

**मां सिद्धिदात्री:** मां सिद्धिदात्री साधना और आत्मसमर्पण का प्रतीक हैं। यह स्वरूप हमें साधना के माध्यम से आत्मिक विकास और सिद्धि प्राप्त करने की प्रेरणा देता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एकबार फिर लौटे जिमी, भावुक होकर बोले- मेरा इरादा नहीं था



बीते दिनों चार्ली किर्क की मौत के बाद कॉमेडियन जिमी केमिल ने उनको लेकर एक विवादित टिप्पणी की थी। इसके बाद उनका शो कैंसिल कर दिया गया था। मंगलवार को कॉमेडियन ने शो में एकबार फिर से वापसी की और भावुक हो गए। उनके स्वागत में दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई। इतना ही नहीं जिमी केमिल ने अपने पुराने बयान को लेकर सफाई भी दी। रिपोर्ट के अनुसार जिमी किमेल ने जब देर रात अपने शो में दोबारा वापसी की, तो दर्शक खुशी से झूम उठे। उन्होंने खड़े होकर कॉमेडियन के लिए तालियां बजाई और 'जिमी जिमी' के नारे लगाए। रिपोर्ट के अनुसार जिमी किमेल ने अपने शो की वापसी में विवादित बयान पर सफाई दी। उन्होंने कहा, ₹मुझे किसी का मन बदलने का कोई भ्रम नहीं है, लेकिन मैं एक बात जरूर स्पष्ट करना चाहता हूं, क्योंकि एक इंसान होने के नाते यह मेरे लिए महत्वपूर्ण है। वह यह कि आप समझें कि एक युवक की हत्या को हल्के में लेने का मेरा कभी इरादा नहीं था। मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ भी मजाकिया है।₹ उन्होंने आगे कहा कि वे किसी खास समूह को उस व्यक्ति के कार्यों के लिए दोषी ठहराने की कोशिश नहीं कर रहे थे। हालांकि, जो मैं कहना चाह रहा था, यह वास्तव में उस बात के बिल्कुल विपरीत था।उन्होंने कहा कि वे समझते हैं कि पिछले हफ्ते की उनकी टिप्पणी कुछ लोगों को ₹या तो गलत समय पर दी गई या अस्पष्ट या शायद दोनों ही लगी।₹ कॉमेडिय ने दिवंगत चार्ली किर्क कि पत्नी एरिका की तारीफ की। क्योकिं उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपने पति के हत्यारे को माफ कर दिया। जिमी ने कहा, 'यह एक ऐसा उदाहरण है जिसका हमें अनुसरण करना चाहिए। यह एक निस्वार्थ कृपा का कार्य था, वो भी एक शोकाकुल विधवा की ओर से क्षमा।

### टॉलीवुड

## पवन कल्याण की फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी'पर चली सेंसर की कैंची



पावर स्टार पवन कल्याण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस बेसब्री से इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, पवन कल्याण की इस फिल्म को सेंसर बोर्ड की ओर से 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया है। ये पिछले 14 साल में पहली बार है, जब पवन कल्याण की फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट मिला हो। इसको लेकर ओजी एक बार फिर चर्चाओं में बनी है। पवन कल्याण की 'दे कॉल हिम ओजी' के चर्चाओं में आने की एक वजह सीबीएफसी द्वारा फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट मिलना भी है। क्योंकि आखिरी बार पवन कल्याण की जिस फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट मिला था, वो साल 2011 में आई विष्णुवर्धन द्वारा निर्देशित 'पंजा' थी। ऐसे में अब लगभग 14 साल बाद पवन कल्याण की किसी फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट मिला है। सुजीत द्वारा निर्देशित 'दे कॉल हिम ओजी' को लगभग दो मिनट के दृश्यों को हटाने और कुछ अन्य में संशोधन करने के बाद केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से 'ए' सर्टिफिकेट मिला है। सीबीएफसी ने 'ओजी' के कम से कम सात दृश्यों में कटौती या संशोधन करने का अनुरोध किया है। फिल्म से हाथ काटने, सिर काटने, हथौड़े से मारने के एक सेकंड, गर्दन सिलने के तीन सेकंड और एक लॉज में एक मिनट की हिंसा के नौ सेकंड के क्लोज-अप सीन काट दिए गए हैं। इसके चलते 1 मिनट 55 सेकंड का फुटेज हटा दिया गया है। खून से लथपथ एक बच्चे और अपनी पैंट की जिप खोलते एक पुलिस अधिकारी के सीन को एडिट किया गया है। इन सीन को हटाने और एडिट करने के बाद अब 'ओजी' का रन टाइम 2 घंटे 34 मिनट हो गया है।

### भोजपुरी

## वरुण ने खेसारी के साथ किया बेहतरीन डांस, भोजपुरी दर्शकों को दिया तोहफा



वरुण धवन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में उन्होंने मशहूर भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव के साथ मिलकर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दोनों सितारे सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के गाने 'पनवाड़ी' पर थिरकते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपने डांस मूव्स की कुछ झलकियां शेयर की हैं। फैंस इसे पसंद कर रहे हैं। वरुण धवन ने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने और खेसारी लाल यादव ने रंग बिरंगे कपड़े पहने हैं। दोनों, गाने पर डांस कर रहे हैं। डांस करते हुए वरुण धवन पानी में गिर जाते हैं। इसके बाद खेसारी लाल यादव भी पानी में कूद जाते हैं। इसके बाद दोनों स्विमिंग पूल में डांस करते हैं। आखिर में दोनों एक दूसरे से गले मिलते हैं। वीडियो शेयर करते हुए वरुण धवन ने लिखा है 'किसे पता था कि पनवाड़ी के पीछे वाली गली में स्विमिंग पूल होगा। भोजपुरी समाज के लिए 2 अक्टूबर को 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' रिलीज हो रही है।' इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने रिएक्शन दिए हैं। अभिनेता विनीत कुमार सिंह ने हंसी वाला इमोजी कमेंट किया है। अभिनेता रोहित शराफ ने कहा है 'अच्छा बहुत अच्छा।' निर्देशक करण जौहर ने भी हंसी वाला इमोजी कमेंट किया है। कई दूसरे यूजर्स ने डांस की तारीफ की है।

### लाइफ स्टाइल



स्ट्रीटवियर ब्रांड

डिजाइनर प्रखर चौहान ने साल 2020 में अत्याधुनिक भारतीय स्ट्रीटवियर ब्रांड 'प्रखर' की शुरूआत की थी जो अपने बोल्ड प्रिंट्स, जेंडर-न्यूट्रल डिज़ाइन्स और टिकाऊ सिद्धांतों के साथ कैज़ुअल फ़ैशन को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। यह ब्रांड पूरी तरह से अपने इन-हाउस विकसित प्रिंट्स के लिए जाना जाता है, जो प्रकृति, पॉप संस्कृति और भारतीय सिनेमा से प्रेरणा लेते हैं।

## हैवी झुमके की ये डिजाइंस आपके एथनिक लुक की बढ़ा देंगे शान

सजने-संवरने आप जो भी आउटफिट पहन रही हैं, उसके साथ केवल केवल एक अच्छी  डिजाइन वाली झमुकी पहन लें। इससे आपके एथनिक लुक को एक नया आयाम भी मिल जाएगा और आपको इसके लिए बहुत ज्योदा महनत भी नहीं करनी होगी।

### प्रेशियस स्टोन वाले झुमके की डिजाइंस

प्रेशियस स्टोन वाले झुमके हर महिला के ज्वेमलरी कलेक्शआन का हिस्सा् होते ही हैं। इन झुमकों को आप किसी भी आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। बेस्टव बात तो यह है कि इन झुमको को पहनने के बाद आपका लुक बहुत ही एलिगेंट लगता है। आप इन झुमको को किसी भी अवसर पर किसी भी तरह के आउटफिट के साथ पहन सकती हैं। झुमके की ये डिजाइंस न सिर्फ आपके आकर्षण को बढ़ाती हैं, बल्कि आपकी खूबसूरती में चार चांद भी लगाती हैं।

### जरकन स्टोन वाले झुमके की डिजाइंस

जरकन स्टोन वाले झुमके हमेशा से ही ट्रेंड का हिस्साढ रहे हैं। इस तरह के झुमके में आपको बाजार में बहुत सारी वेराइटी मिलेंगी। बेस्टज बात तो यह है कि आप किसी भी तरह के हैवी और लाइट वेट वाले आउटफिट्स के साथ इन्हें‍ कैरी कर सकती हैं। बेस्टो बात तो यह है कि आपको इन झुमकों में लाइट और हैवी वेट वाली डिजाइंस देखने को मिल जाएंगी। वैसे तो जरकन में आपको कलर्स भी मिल जाएंगे, मगर आप पर्ल और स्टों स के कॉम्बिनेशन वाले झुमके यदि खरीदती हैं, तो वो आपके लुक्सग में एलिगेंस को जोड़ देते हैं।



### पर्ल झुमके की डिजाइंस


पर्ल झुमके हमेशा से क्लासिक और टाइमलेस रहे हैं। इनकी सादगी और एलिगेंस आपको हर अवसर पर खूबसूरत बनाती है। पर्ल झुमकों में आपको एक से बढ़कर एक डिजाइंस मिल जाएंगी। इसमें आपको लटकन, झालर और झूमर आदि सब मिल जाएगा। आप इस तरह के झुमके को फेस्टिवल्सग में सिंपल कुर्ती के साथ भी कैरी करेंगी, तब भी आपको लुक बेमिसाल लगेगा।

### ऑक्सीडाइज झुमके की डिजाइंस

ऑक्सीडाइज झुमके एथनिक लुक को एक नया अंदाज देते हैं। इनकी डार्क फिनिश और कारीगरी आपको एक अलग और विशिष्ट पहचान देती हैं। यह आमतौर पर चांदी के होते हैं और इनकी पॉलिश इन्हेंक ऑक्सी डइाज लुक देती है। वैसे बाजार में यह आपको आयरन, टाइटेनियम जैसे मैटल में मिल जाएंगे।

## चाहती हैं न्यू लुक तो वियर करें ये मल्टी कलर सूट, देखें







अगर आप त्यौहारों या खास मौकों पर अपनी शानदार मौजूदगी जताना चाहती हैं तो न्यू लुक के लिए लेटेस्ट डिजाइन वाले मल्टी कलर सूट का चुनाव कर सकती हैं। कई सारे मौकों पर महिलाएं सूट पहनना पसंद करती हैं। दरअसल, सूट में जहां वो कंफर्टेबल रहती हैं तो वहीं इस आउटफिट में वो स्टाइलिश भी नजर आती हैं। बाजार में आपको कई सारे डिजाइंस से लेकर पैटर्न वर्क वाले सूट मिल जाएंगे, जिन्हें आप कई सारे मौकों पर वियर कर सकती हैं। अगर आप त्यौहारों या धार्मिक पूजा में शामिल रही हैं और इस दौरान न्यू लुक चाहती हैं तो, आप इन मल्टीकलर सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इस तरह के सूट में आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।

### मिरर वर्क सूट

इस तरह का मिरर वर्क सूट खास मौके पर पहनने के लिए बेस्ट है और इस सूट में काफी खूबसूरत नजर आएंगी। इस सूट में मिरर वर्क किया हुआ है साथ ही ये मल्टीकलर में है। इस तरह के सूट को आप 2,000 रुपये की कीमत में ले सकती हैं। इस सूट के साथ मिरर वर्क या चोकर स्टाइल कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं। अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के मिरर वर्क सूट का भी चुनाव कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट

यह एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट भी इस खास मौके पर पहन सकती हैं। इस सूट में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया है और इस सूट को वियर करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा। इस सूट को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1,500 से 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ आप चोकर या पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं।

## इन तेल की मदद से स्किन से जुड़ी हर समस्या होगी कम

बदलते मौसम के दौरान स्किन की केयर करना काफी जरूरी है। दरअसल, स्किन केयर नहीं करने पर जहां स्किन से जुड़ी समस्या पैदा हो जाती हैं तो, वहीं स्किन का ग्लो भी कम हो जाता है। ऐसे में स्किन की केयर करना काफी जरूरी है। वहीं अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो इस तरह स्किन को ज्यादा केयर करने की जरूरत है। वहीं जिन भी महिलाओं की स्किन सेंसिटिव हैं वो आपकी त्वचा की केयर करने के लिए नारियल तेल और टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल कर सकती है।

### त्वचा के लिए फायदेमंद है नारियल तेल

नारियल तेल कई सारे गुणों से भरपूर है और ये सभी गुण सेहत के साथ-साथ चेहरे के लिए भी फायदेमंद हैं। नारियल तेल में फाइबर, कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है और ये सभी गुण त्वचा की केयर करने के लिए उपयोगी हैं। इसी के साथ नारियल तेल त्वचा को मॉइस्चराइज करने का भी काम करता है।



### दाग-धब्बों को समस्या को दूर करने में मददगार है टी ट्री ऑयल

टी ट्री ऑयल में कई सारे गुण होते हैं और ये सभी स्किन की केयर करने के लिए बेहद ही उपयोगी हैं। टी ट्री ऑयल में एंटी इंफ्लेमेटरी एंटी फंगल व एंटी बैक्टीरियल गुण जो चेहरे के दाग-धब्बों को दूर करने के लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

### इस तरह करें इस्तेमाल


एक कांच कटोरी ले।नारियल तेल को हल्का गर्म कर लें। इसमें टी ट्री तेल मिक्स करें।इस मिश्रण को चेहरे पर अप्लाई करें।हल्के हाथों से मसाज करें। 10 मिनट बाद चेहरे को धो लें।

## काली पीठ को चका-चक करने में मदद करेंगी ये चीजें, त्वचा दिखेगी साफ-सुथरी

मौसम चाहे कैसा भी खूबसूरत त्वचा पाने के लिए सही तरीके से देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए केवल चेहरे ही नहीं, बल्कि शरीर के अन्य जगहों को भी साफ-सुथरा रखना जरूरी होता है। ज्यादातर हम टैनिंग के कारण हुए त्वचा के कालेपन को लेकर परेशान रहते हैं। सही तरीके से साफ-सफाई न करने के कारण भी शरीर में टैनिंग के कारण डार्कनेस आ सकती है। ऐसे में अक्सर पीठ की त्वचा का रंग काला पड़ने लगता है। तो आइये जानते हैं कैसे करें काली पीठ की घरेलू चीजों से सफाई करने का तरीका-

### खीरे को त्वचा पर लगाने के फायदे क्या हैं?

खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करने के काम आते हैं। इसमें मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।
मुल्तानी मिट्टी को स्किन पर लगाने से क्या होता है?
टैनिंग हटाने में मददगार साबित होता है। नेचुरल तरीके से स्किन व्हाइटनिंग ट्रीटमेंट की तरह काम करता है।



त्वचा को साफ-सुथरा बनाने का काम करता है।

### गुलाब जल को त्वचा पर लगाने से क्या होता है?


यह त्वचा का पीएच लेवल बरकरार रखने में सहायता करता है।डार्क स्पॉट्स कम करने में मदद साबित होता है।स्किन के पोर्स को साफ कर इन्हें मिनीमाइज करने का काम करता है। इसे आप टोनर की तरह भी चेहरे पर इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले एक बाउल में खीरे को बारीक पीस लें। इसके बाद इसमें जरूरत अनुसार मुल्तानी मिट्टी की डालें। इन दोनों को आपस में मिक्स करके पीठ के कालेपन पर लगा लें।15 से 20 मिनट तक इस पेस्ट को पीठ पर लगा रहने दें।

### कार्नर न्यूज

**फेशियल हेयर को किसी फैशन स्टेटमेंट से कम नहीं माना जाता है आज**

## ट्रेंडी बॉलीवुड बियर्ड अपना रहे आज के यूथ, शानदार लुक के साथ निखरेगी पर्सनालिटी भी

किसी व्यक्ति की उपस्थिति को शानदार बनाने और ट्रेडिशनल इमेज को तोड़ने की क्षमता फेशियल हेयर में है। एक सलीकेदार और अच्छी तरह से तैयार की गई दाढ़ी एक साधारण पोशाक को भी उभार दे सकती है। जबकि, बेतरतीब और लापरवाही से मेंटेन की गई बियर्ड स्टाइलिश पोशाक को भी खराब कर सकती है। ये बियर्ड के बढ़ते जोर का ही असर है कि, आज बियर्ड प्रोडक्ट्स का कारोबार एक अरब डॉलर से ज्यादा का हो चुका है। आज बियर्ड प्रोडक्ट्स में बियर्ड ऑयल से लेकर सीरम तक मौजूद हैं। इन प्रोडक्ट्स का कब्जा अब छोटे जनरल स्टोर में भी दिखने लगा है। एक समय में मेंस ग्रूमिंग के नाम पर केवल शेविंग फोम और एक रेजर ही मौजूद हुआ करता था। लेकिन हमारे देश के एक्टर्स और क्रिकेटरों ने इन ब्रांड को प्रमोट करने के लिए बियर्ड मेंटेन की। इससे जनता की आंखों में उनकी इमेज स्टाइलिश और भरोसेमंद बनती चली गई।



### सिद्धांत चतुर्वेदी

सिद्धांत चतुर्वेदी, इन दिनों 'हैवी स्ट्बल' लुक को मेंटेन कर रहे हैं। जोया अख्तर की फिल्म 'गली बॉय' में एमसी शेर के रूप में डेब्यू करने के बाद, सिद्धार्थ चतुर्वेदी लगातार एक के बाद एक फिल्मों को हासिल कर रहे हैं। यहां तक कि उनकी स्टाइल और ब्यूटी में भी समय के साथ बदलाव और काफी हद तक सुधार हुआ है। उदाहरण के लिए, आप उनकी बियर्ड स्टाइल को ही लें। चूंकि सिद्धांत के बाल घुंघराले होते हैं, इसलिए वह नहीं चाहते थे कि उनकी दाढ़ी भी घुंघराली ही डेवलप हो। साथ ही वह इससे पूरी तरह छुटकारा नहीं पाना चाहते थे।नतीजतन, उन्होंने एक हैवी स्ट्बल का विकल्प चुना, जो एक स्क्रूफ और फुल बियर्ड के बीच में कहीं है। यह एक बेहद आला दर्जे की और केयर फ्री बियर्ड स्टाइल है।



### ऋतिक रोशन

बॉलीवुड के ग्रीक गॉड कहे जाने वाले ऋतिक इन दिनों 'स्क्रफ' स्टाइल बियर्ड लुक को मेंटेन कर रहे हैं। बिना किसी शक, रितिक रोशन देश के सबसे अच्छे दिखने वाले पुरुषों में से एक हैं। हाल ही में, अमेरिका की एक एजेंसी ने उन्हें पिछले साल वर्ल्ड में मोस्ट हैंडसम मैन का खिताब दिया था। कोई भी स्टाइल जो वह मेंटेन करते हैं, कुछ ही समय में ट्रेंड में आ जाती है। यही कारण है कि, कहो ना प्यार है से लेकर उनकी लेटेस्ट फिल्म तक ये जादू बना हुआ है। वर्तमान में, रितिक एक लाइट स्क्रफ बियर्ड को मेंटेन कर रहे हैं। इस लुक को पाने में केवल कुछ दिनों तक ही बियर्ड को बढ़ाना पड़ता है। इस बियर्ड को मेंटेन करने के लिए बहुत ज्यादा बढ़ाना नहीं पड़ता है। ये स्किन के भी काफी करीब रहती है।

### वरुण धवन

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों 'बाल्बो बियर्ड' मेंटेन कर रहे हैं। वरुण धवन बीते साल अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ शादी के बंधन में बंधे हैं। दूल्हे के रूप में, उन्होंने सुनिश्चित किया कि वह उस पार्टी में सबसे अच्छे दिखाई दें।

